हिंदी दैनिक
# न्यूज़ वायरस

वर्ष : 13 अंक : 69 देहरादून, सोमवार, 02 सितंबर, 2024 मूल्य : एक रुपया पृष्ठ : 8



स्वास्थ्य महानिदेशालय परिसर में 'हेल्थ थीम पार्क' का हुआ अनावरण 8

# राज्य आंदोलनकारियों के सपनों के अनुरूप विकसित उत्तराखंड बनाना हमारा लक्ष्य : सीएम

न्यूज़ वायरस नेटवर्क

देहरादून। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने रविवार को खटीमा स्थित शहीद स्थल पर शहीदों की मूर्तियों पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की और शहीदों के परिजनों को शॉल भेंट कर सम्मानित किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य आन्दोलनकारियों के सपनों के अनुरूप विकसित उत्तराखण्ड बनाना हमारा लक्ष्य है। हमारे बेहतर भविष्य के लिये इन महान आत्माओं ने अपना वर्तमान और भविष्य दोनों कुर्बान किया है, उत्तराखण्ड की जनता इन वीरों की सदैव ऋणी रहेगी। उन्होंने कहा कि इन महान लोगों ने स्वयं का बलिदान इसलिए दिया था कि उत्तराखंड अलग राज्य बनकर ही सच्चे अर्थों में उनके सपनों को पूरा कर सकता है।



मुख्यमंत्री ने कहा कि वे स्वयं एक आंदोलनकारी होने के नाते आंदोलनकारियों के परिवार की पीड़ा समझ सकते है। खटीमा गोलीकांड को याद कर आज भी खटीमा वासियों सहित पूरे उत्तरखण्ड के लोगों का दिल सहम जाता है। पृथक राज्य निर्माण के लिए सबसे पहली शहादत खटीमा की धरती पर दी गई थी और इस शहादत के फलस्वरूप हम पृथक राज्य के रूप में अपनी अलग पहचान बना पाएं हैं, जो खटीमावासियों के लिए गर्व की बात है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारा एक-एक पल राज्य आंदोलनकारियों के सपनों का उत्तराखंड बनाने के लिए समर्पित है। देवभूमि के अंतिम छोर पर खड़े व्यक्ति तक विकास की धारा पहुंचाने के लिए भी हम प्रतिबद्ध हैं। उन्होंने कहा कि प्रदेश में सख्त नकल विरोधी कानून लागू किया है, जिसमे अब युवाओं की योग्यता, प्रतिभा और क्षमता को आगे बढ़ने से कोई नहीं रोक सकता।

मुख्यमंत्री ने खटीमा गोलीकांड की 30वीं बरसी पर अपना बलिदान देने वाले उत्तराखंड के महान सपूत स्व. भगवान सिंह सिरौला, स्व. प्रताप सिंह , स्व. रामपाल, स्व. सलीम अहमद, स्व. गोपीचंद, स्व. धर्मानन्द भट्ट तथा स्व. परमजीत सिंह को नमन करते हुए कहा कि 1 सितंबर, 1994 को हुए खटीमा गोलीकांड का दर्द हम कभी नहीं भूल सकते है। वे सभी उत्तराखंड का विकास और उत्थान चाहते थे, विश्वास था कि उत्तराखंड अलग राज्य बनकर ही सच्चे अर्थों में उनके सपनों को पूरा कर सकता है। इन महान आत्माओं के बलिदान और उनके त्याग को सच्ची श्रद्धांजलि यही होगी कि हम सभी मिलकर उनके सपनों का उत्तराखंड बनाएं। हमारी सरकार पूरी प्रतिबद्धता के साथ राज्य आंदोलनकारियों के आदर्शों और उनके सपनों को साकार करने के लिए हर संभव प्रयास कर रही है। हमारा एक-एक पल राज्य आंदोलनकारियों के सपनों का उत्तराखंड बनाने के लिए समर्पित है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि आज हम प्रदेश में कनेक्टिविटी, शिक्षा, स्वास्थ्य और पर्यटन की अवस्थापना सुविधाओं को मजबूत करने से लेकर विभिन्न योजनाओं के जरिए जन-जन का उत्थान सुनिश्चित करने के लिए हर क्षेत्र में काम कर रहे हैं। औद्योगिकीकरण, पर्यटन और कृषि के क्षेत्र में विकास कर रोजगार सृजन और आर्थिक विकास को गति प्रदान की जा रही है। उन्होंने कहा कि लॉजिस्टिक नीति, स्टार्टअप नीति और सर्विस सेक्टर नीति सहित अनेक नई नीतियां लाकर हम नवाचार के साथ कार्य कर रहे हैं। हमारी सरकार जल, जंगल और ज़मीन के संरक्षण पर कार्य करते हुए इकोलॉजी और इकोनॉमी के बीच समन्वय के साथ आगे बढ़ रही है। उन्होंने कहा कि हमारी सरकार ने राज्य आंदोलनकारियों के प्रति कृतज्ञता व्यक्त करते हुए राज्य आंदोलनकारियों और उनके आश्रितों हेतु 10 प्रतिशत क्षैतिज आरक्षण भी लागू किया है।



मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य आन्दोलन में नारी शक्ति की भी बड़ी भूमिका रही है। नारीशक्ति को नमन करते हुए हमारी सरकार ने महिलाओं के लिए 30 प्रतिशत क्षैतिज आरक्षण' लागू करने का ऐतिहासिक कार्य भी किया है, वहीं दूसरी ओर, शहीद आंदोलनकारियों के परिवारों को प्रतिमाह 3000 रूपए पेंशन भी दी जा रही है। जबकि जेल गए, घायल और सक्रिय आंदोलनकारियों को क्रमशः 6000 और 4500 रूपए प्रतिमाह पेंशन दी जा रही है। उन्होंने कहा कि राज्य आंदोलनकारियों के अधिकतम दो बच्चों को स्कूलों और कॉलेजों में निःशुल्क शिक्षा, सरकारी बसों में निःशुल्क यात्रा और उनके आश्रितों को पेंशन की सुविधा भी प्रदान की गई है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि पृथक राज्य की परिकल्पना में हमारे प्रदेश की डेमोग्राफी संरक्षित रखने की चिंता भी शामिल थी। हमारी सरकार देवभूमि उत्तराखंड की डेमोग्राफी को बचाए रखने पर लगातार कार्य कर रही है। हमने सख्त धर्मान्तरण विरोधी कानून लागू करने के साथ ही अवैध अतिक्रमण को हटाकर 5000 एकड़ सरकारी जमीन को लैंड जिहाद से मुक्त करवाया है। इसके साथ ही प्रदेश में सुख, शांति और समानता सुनिश्चित करने के उद्देश्य से दंगा रोधी कानून और समान नागरिक संहिता लागू करने का ऐतिहासिक कार्य भी हमारी सरकार ने ही किया है। उन्होंने कहा कि इस वर्ष नीति आयोग द्वारा जारी सतत विकास लक्ष्य की रैंकिंग में उत्तराखंड को पूरे देश में पहला स्थान प्राप्त हुआ है जो राज्य के विकास के प्रति हमारे प्रयासों को दर्शाता है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के कुशल नेतृत्व में देश में नई कार्य संस्कृति विकसित हुई है, विकास के नए आयाम स्थापित हुए है। प्रधानमंत्री की प्रेरणा से शीघ्र ही ऊधमसिंह नगर के खुरपिया में एक इंडस्ट्रियल स्मार्ट सिटी स्थापित की जाएगी जिससे इस क्षेत्र में रोजगार के नए अवसर सृजित होंगे। उन्होंने कहा कि हमारी सरकार ने पिछले तीन वर्षों में 16 हजार से अधिक युवाओं को नौकरियां दी है। आपदा प्रबंधन के तहत 25 करोड़ की धनराशि आपदा प्रभावितों की सहायता हेतु जनपद को जारी की गई है, अबतक 12 करोड़ 68 लाख रूपये की धनराशि आपदा प्रभावितों को वितरित की जा चुकी है। उन्होंने आपदा निर्माण मानकों के कार्यों में शिथिलिकरण व धनराशि बढ़ाये जाने के लिए प्रधानमंत्री व ग्रहमंत्री का आभार भी व्यक्त किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य आंदोलनकारियों के सपनों का उत्तराखंड बनाने के लिए "विकल्प रहित संकल्प" के अपने मूल मंत्र के साथ प्रदेश की उन्नति के लिए कार्य करने के लिए हम निरंतर प्रयासरत है।

कार्यक्रम में सांसद अजय भट्ट ने सभी शहीदों एवं आन्दोलनकारियों को नमन करते हुए आंदोलनकारियों को 10 प्रतिशत के क्षैतिज आरक्षण के लिए मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी व उत्तराखंड सरकार का आभार व्यक्त किया । उन्होंने कहा कि शहीद आंदोलनकारी किसी परिवार का नहीं बल्कि राज्य एवं देश की अनमोल धरोहर हैं। कार्यक्रम में विधायक गोपाल सिंह राणा, शिव अरोड़ा, भुवन कापड़ी,भाजपा जिलाध्क्ष कमल जिन्दल, उत्तराखंड मंडी अध्यक्ष अनिल कपूर डब्बू, दर्जा मंत्री उत्तम दत्ता,राजपाल सिंह,पूर्व सांसद महेंद्र सिंह पाल,मण्डी अध्यक्ष नन्दन सिंह खड़ायत,काशी सिंह ऐरी ,दान सिंह रावत,रमेश जोशी उर्फ रामू भाई, संतोष अग्रवाल, विवेक सक्सेना,जिलाधिकारी उदयराज सिंह, एसएसपी मन्जूनाथ टीसी, मुख्य विकास अधिकारी मनीष कुमार, अपर जिलाधिकारी अशोक जोशी ,पंकज उपाध्याय, उप जिलाधिकारी रवीन्द्र सिंह बिष्ट, सहित क्षेत्रीय जनता आदि उपस्थित थी।



## उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़, डॉ. सुदेश धनखड़ एवं राज्यपाल गुरमीत सिंह ने की राजभवन स्थित राजप्रज्ञेश्वर महादेव मंदिर में पूजा-अर्चना

देहरादून। दो दिवसीय उत्तराखण्ड भ्रमण पर उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़, डॉ. (श्रीमती) सुदेश धनखड़ एवं राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (से नि) ने रविवार को राजभवन स्थित राजप्रज्ञेश्वर महादेव मंदिर में पूजा-अर्चना कर देश एवं प्रदेश वासियों के लिए सुख, समृद्धि और खुशहाली के लिए कामना की। इस दौरान उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने राजभवन परिसर में ''एक पेड़ मां के नाम'' अभियान के अंतर्गत पौधारोपण किया।

## 4 सितंबर तक उत्तराखंड के कई जिलों में बारिश का यलो अलर्ट

न्यूज़ वायरस नेटवर्क

देहरादून। उत्तराखंड में एकबार फिर जोरदार बारिश देखी जाएगी। मौसम विभाग ने उत्तराखंड में 4 सितंबर तक मौसम खराब रहने का पूर्वानुमान जारी किया है। 4 सितंबर तक उत्तराखंड के कई जिलों में हल्की से मध्यम बारिश का यलो अलर्ट जारी किया है। कुछ जगहों पर भारी बारिश की भी संभावना है। संवेदनशील इलाकों में भूस्खलन की भी आशंका जताई गई है। मौसम विज्ञानियों का कहना है कि जोरदार बारिश से निचले इलाकों में जल भराव की स्थिति भी देखी जा सकती है। मौसम विभाग के मुताबिक, अगले 24 घंटे के दौरान उत्तरकाशी, चमोली, रुद्रप्रयाग, टिहरी गढ़वाल, देहरादून, पौड़ी गढ़वाल, पिथौरागढ़, बागेश्वर, अल्मोड़ा, चम्पावत, नैनीताल, उधमसिंह नगर और हरिद्वार जिलों के अलग-अलग हिस्सों में गरज-चमक के साथ झमाझम बारिश देखी जा सकती है। इसको लेकर मौसम विभाग ने यलो अलर्ट जारी किया है। कुछ जिलों में कहीं-कहीं भारी बारिश भी देखी जा सकती है।

मौसम विभाग का कहना है कि 2 सितंबर को भी मौसम खराब रहेगा। उत्तरकाशी, चमोली, रुद्रप्रयाग, टिहरी गढ़वाल, देहरादून, पौड़ी गढ़वाल, पिथौरागढ़, बागेश्वर, अल्मोड़ा, चम्पावत, नैनीताल, उधमसिंह नगर और हरिद्वार जिलों के कई जगहों पर गरज चमक के साथ हल्की से मध्यम बारिश देखी जा सकती है। कुछ जिलों में कहीं-कहीं भारी बारिश के भी आसार हैं। खासकर चमोली, पिथौरागढ़, बागेश्वर और नैनीताल जिलों में जोरदार बारिश देखी जा सकती है। मौसम विभाग की मानें तो उत्तराखंड के उत्तरकाशी, चमोली, रुद्रप्रयाग, टिहरी गढ़वाल, देहरादून, पौड़ी गढ़वाल, पिथौरागढ़, बागेश्वर, अल्मोड़ा, चम्पावत, नैनीताल, उधमसिंह नगर और हरिद्वार जिलों में तीन और चार सितंबर को मौसम कमोबेश ऐसा ही रहेगा। इन सभी जिलों में दोनों ही दिन हल्की से मध्यम बारिश का यलो अलर्ट जारी किया गया है। कुछ जगहों पर भारी बारिश भी देखी जा सकती है। उत्तराखंड में पांच सितंबर से बारिश में कमी देखी जाएगी।

पीटीआई भाषा की रिपोर्ट के मुताबिक, देश के विभिन्न हिस्सों में सितंबर में सामान्य से अधिक बारिश की संभावना जताई गई है। खासकर उत्तर-पश्चिम भारत और आसपास के हिस्सों में भारी से ज्यादा भारी बारिश देखी जा सकती है।

# उदयन शालिनी फैलोशिप में दून से 40 स्टूडेंट्स सेलेक्ट हुए





**न्यूज़ वायरस नेटवर्क**

देहरादून , 2 सितंबर , उदयन केयर दिल्ली स्थित एक पंजीकृत ट्रस्ट है जो अलग-अलग क्षेत्रों में लगभग 25 वर्षों से भी अधिक समय से काम कर रहा है। अनाथ एवं बेसहारा बच्चों के लिए घर एवं परिवार की व्यवस्था के साथ ही यह संस्था आर्थिक रूप से कमजोर छात्राओं की उच्च शिक्षा, कैरियर, व्यक्तित्व विकास आदि क्षेत्रों में सहायता करती है। इसी क्रम में आज उदयन शालिनी फैलोशिप के अंतर्गत इस वर्ष चयनित छात्राओं की इंडक्शन सेरेमनी (Induction Ceremony) आयोजित की गई जिसके मुख्य अतिथि टीएचडीसी इंडिया लिमिटेड के अधिशासी निदेशक एल.पी. जोशी थे।

मुख्य अतिथि एल.पी. जोशी ने इस अवसर पर अपने संबोधन में कहा कि उदयन संस्था द्वारा छात्राओं को सशक्त एवं शिक्षित करने का जो महत्वपूर्ण कार्य संस्था द्वारा किया जा रहा है वह उन्हें आने वाले समय में आत्मनिर्भर एवं स्वावलंबी बनाने में सहयोगी होगा। एल.पी. जोशी ने उदयन केयर के प्रयासों की प्रशंसा करते हुए कहा कि जिस समाज में महिलाएं शिक्षित एवं जागरूक होती हैं वहां सामाजिक कुरीतियां भी नहीं के बराबर होती हैं। जोशी ने नेल्सन मंडेला को उद्धृत करते हुए उपस्थित छात्राओं से कहा कि शिक्षा वह महत्वपूर्ण शस्त्र है जिसके बल पर वे समाज को बदल सकती हैं। उन्होंने कहा कि आज महिलाएं एवं बेटियां राजनीति, मेडिकल, इंजिनियरिंग, शिक्षा, प्रशासन, सुरक्षा आदि हर क्षेत्र में सफलता के शिखर पर रहकर अगर अपनी क्षमताओं को साबित कर रही हैं तो इसके पीछे शिक्षा की अहम भूमिका है। जोशी ने नए बैच में चयनित सभी छात्राओं से अपेक्षा की कि वे इस फैलोशिप का पूरा पूरा लाभ उठाते हुए इससे अपने भविष्य को सशक्त एवं उन्नत बनाएंगी।

उदयन केयर ट्रस्ट की मैनेजिंग ट्रस्टी डॉ. किरण मोदी ने इस अवसर पर चयनित छात्राओं को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की तथा उन्हें संस्था द्वारा भविष्य में हर संभव सहायता का आश्वासन भी दिया। उन्होंने कहा कि हमारा प्रयास न सिर्फ आपको शिक्षित करना है बल्कि आपको एक सफल, सशक्त और बेहतरीन व्यक्तित्व वाला इंसान बनाना भी है। उदयन केयर के एसोशिएट निदेशक श्री मुकेश जोशी ने छात्राओं को नई तकनीक और तरीकों का प्रयोग करते हुए डिजीटल माध्यम से बेहतरीन शिक्षा प्राप्त करने के उपाय बताए। उदयन केयर देहरादून के सह-संयोजक डॉ. जी.एस. रावत ने छात्राओं को स्मार्टफोन के सदुपयोग और एकाग्रचित्त होकर मेहनत करने के महत्व पर जागरुक किया। आई.आई. टी. रुड़की से अभी हाल ही में रसायन शास्त्र में पीएचडी कर चुकी देहरादून चैप्टर के द्वितीय बैच की होनहार छात्रा रही प्रियंका लखरवाल ने इस अवसर पर चयनित छात्राओं से उदयन शालिनी फैलोशिप के अपने अनुभव साझा किए तथा अपनी सफलता में उदयन केयर ट्रस्ट तथा उसके सदस्यों के योगदान का उल्लेख करते हुए उनका आभार प्रकट किया।

इस अवसर पर देहरादून संयोजक विमल डबराल ने अपने संबोधन में छात्राओं से आह्वान किया कि यदि वे अभी पांच छः: वर्ष लगन और मेहनत से अपनी शिक्षा पर ध्यान दें तो आने वाले पचास साठ वर्षों तक एक सफल जीवन जी सकती हैं। श्री विमल डबराल ने चयनित छात्राओं के व्यक्तित्व विकास एवं शैक्षिक तथा अन्य ज्ञान बढ़ाने के लिए समय समय पर आयोजित किए जाने वाले विविध प्रकार के कार्यक्रमों की जानकारी भी दी। कार्यक्रम का संचालन करते हुए कोर कमेटी की वरिष्ठ सदस्य डॉ. दलजीत कौर ने उदयन शालिनी देहरादून का परिचय देते हुए चैप्टर की छात्राओं द्वारा प्राप्त की गई उपलब्धियों का ब्योरा साझा किया।

आज के कार्यक्रम में मुख्य अतिथि टीएचडीसी इंडिया लिमिटेड के अधिशासी निदेशक एल.पी.जोशी, उदयन केयर की मैनेजिंग ट्रस्टी डॉ. किरण मोदी, देहरादून के संयोजक विमल डबराल, उदयन केयर से मुकेश जोशी, डॉ. दलजीत कौर, कमल शर्मा, सुमन तिवारी, डा. जी.एस.रावत, हिमांशु शर्मा के साथ ही मैनेजर नार्थ सुश्री वरुणा तथा कोआर्डिनेटर फरहा नाज, वैल्हम स्कूल की अध्यापिकाएं ऋतु एवं रुचि सहित बड़ी संख्या में छात्राएं एवं उनके अभिभावक तथा अन्य लोगों ने भागीदारी की।

# ग्लोफैंस हाई स्कूल कप का हुआ शानदार आगाज़, जुटे दिग्गज

## पुरस्कार समारोह के साथ ग्लोबल हाई स्कूल क्रिकेट कप के आगाज़ का ऐलान







**न्यूज़ वायरस नेटवर्क**

देहरादून ,.2 सितंबर , ग्लोबल हाई स्कूल क्रिकेट कप के लिए ट्रॉफी लॉन्च और पुरस्कार समारोह के साथ आज होटल हॉलिडे इंटरनेशनल, शारजाह में ग्लोफैंस हाई स्कूल कप का ऐतिहासिक शुभारंभ हुआ। मुख्य इवेंट शारजाह और अजमान में होगा, जबकि प्रशिक्षण सुविधाएं दुबई में होंगी।इस साल दुनिया भर से 20 शीर्ष स्कूल टीमें भाग लेंगी। 6 दिवसीय टूर्नामेंट होगा और हर दिन दो मैच होंगे और दो डे-नाइट मैच फ्लडलाइट्स में खेले जाएंगे।

यह आयोजन एक महत्वपूर्ण अवसर था, जिसमें क्रिकेट जगत के दिग्गज, मौजूदा खिलाड़ी और प्रतिष्ठित हस्तियां इस प्रतिष्ठित टूर्नामेंट की शुरुआत का जश्न मनाने के लिए एक साथ आए।यह आयोजन एक शानदार सफलता थी, जिसमें टूर्नामेंट की आधिकारिक ट्रॉफी का अनावरण, थीम गीत का शुभारंभ और आधिकारिक टी-शर्ट की प्रस्तुति शामिल थी, जिसने आगामी प्रतियोगिता के प्रति बढ़ते उत्साह में योगदान दिया।

विश्व कप के दिग्गज, महान कोच और पूर्व अंग्रेज क्रिकेटर डेव व्हाटमोर ने भव्य थीम गीत के अनावरण के साथ शाम का माहौल बनाया। इस अवसर पर प्रतिष्ठा की एक अतिरिक्त परत जोड़ते हुए व्हाटमोर ने कहा, ₹युवा प्रतिभाओं और स्कूली क्रिकेट खिलाड़ियों को पोषित करना महत्वपूर्ण है, जो भविष्य के सितारों को आकार देने में स्कूल की महत्वपूर्ण भूमिका है।₹आधिकारिक टी-शर्ट लॉन्च का संचालन श्री शहजाद अल्ताफ ने किया, जो 1996 के विश्व कप के एक प्रसिद्ध यूएई खिलाड़ी और यंग टैलेंट क्रिकेट अकादमी (YTCA) के दूरदर्शी संस्थापक हैं। क्षेत्र में जमीनी स्तर पर क्रिकेट के विकास के लिए उनका समर्पण स्पष्ट था क्योंकि उन्होंने टूर्नामेंट और इसके महत्व के लिए अपने दृष्टिकोण को साझा किया।

इस आयोजन का एक मुख्य आकर्षण अंतरराष्ट्रीय स्तर पर प्रशंसित खेल विशेषज्ञ और स्पोर्ट्स क्विज़ ऐप ₹गोल्फ़ेंसर₹ के संस्थापक सुनील

**■ शारजाह और अजमान में दुनिया भर के 20 शीर्ष स्कूल भाग लेंगे**

यश कालरा द्वारा आयोजित आकर्षक चैट शो था। पूर्व पाकिस्तानी ऑफ स्पिनर और दूसरा के मास्टर सईद अजमल और महान कोच डेव व्हाटमोर सहित क्रिकेट के दिग्गजों के साथ एक जीवंत चर्चा में, श्री कालरा ने स्कूली क्रिकेट के महत्व और उनके करियर पर इसके स्थायी प्रभाव के बारे में बताया। बातचीत में आगामी महिला टी20 विश्व कप 2024 पर भी चर्चा हुई, जो यूएई में आयोजित होने वाला है, जिससे उपस्थित लोगों में उत्साह का संचार हुआ।

इस अवसर पर बोलते हुए, स्पोर्ट्सकास्टर और स्पोर्ट्स क्विज़ ऐप ग्लोफैंस के संस्थापक सुनील यश कालरा ने कहा, ग्लोफैंस में, हमारा मिशन हमेशा से खेल प्रेमियों की अगली पीढ़ी को प्रेरित करना और उनसे जुड़ना रहा है। ग्लोबल हाई स्कूल क्रिकेट कप इसी दृष्टिकोण का एक स्वाभाविक विस्तार है, जो युवा क्रिकेटरों को वैश्विक मंच पर अपनी प्रतिभा दिखाने के लिए एक मंच प्रदान करता है। क्रिकेट को बढ़ावा देने के लिए यूएई में पिछले 4 महीनों में यह हमारा दूसरा सहयोग है। हम इन युवा एथलीटों को कल के क्रिकेट दिग्गजों के रूप में विकसित होते देखने के लिए उत्सुक हैं।

पूर्व पाकिस्तानी ऑफ स्पिनर सईद अजमल, जिन्होंने दूसरा में किसी और से बेहतर महारत हासिल की है, ने कहा, ₹यह टूर्नामेंट युवा प्रतिभाओं की पहचान करने का एक बेहतरीन मंच होगा। यह उभरते क्रिकेटरों को उच्चतम स्तर पर खेल खेलने के लिए आवश्यक प्रतिबद्धता और निरंतरता को समझने में मदद करेगा। यह निश्चित रूप से युवा एथलीटों को अपने देश के लिए सम्मान लाने में सक्षम बनाएगा।₹इस इवेंट में यूएई के मौजूदा खिलाड़ियों और पूर्व अंतरराष्ट्रीय क्रिकेटर शामिल हुए। सभी ने ग्लोबल हाई स्कूल क्रिकेट कप के लिए अपना समर्थन व्यक्त किया, इसे क्रिकेट प्रतिभा की अगली पीढ़ी को प्रेरित करने और विकसित करने के लिए एक महत्वपूर्ण मंच के रूप में मान्यता दी।ग्लोबल हाई स्कूल क्रिकेट कप और यंग टैलेंट क्रिकेट अकादमी के निदेशक शहजाद अल्ताफ ने सभी उपस्थित लोगों को उनकी भागीदारी और समर्थन के लिए आभार व्यक्त किया।

अल्ताफ ने कहा, ₹यह आयोजन केवल एक टूर्नामेंट शुरू करने के बारे में नहीं है; यह एक विरासत बनाने के बारे में है। हम क्रिकेट के दिग्गजों से इस तरह के अविश्वसनीय समर्थन को पाकर रोमांचित हैं और एक सफल टूर्नामेंट की उम्मीद करते हैं जो वैश्विक स्तर पर युवा क्रिकेटरों को प्रेरित करेगा।₹ ग्लोबल हाई स्कूल क्रिकेट कप एक ऐतिहासिक आयोजन होने का वादा करता है, जो युवा क्रिकेटरों को वैश्विक स्तर पर अपनी प्रतिभा दिखाने के लिए मंच प्रदान करता है। ट्रॉफी लॉन्च और पुरस्कार समारोह की सफलता खेल से जुड़े सभी लोगों के जुनून और प्रतिबद्धता का प्रमाण है।

# 1 और 2 सितंबर का खटीमा और मसूरी कांड काला अध्याय : धीरेंद्र प्रताप

न्यूज़ वायरस नेटवर्क

देहरादून , 2 सितंबर , उत्तराखंड कांग्रेस के वरिष्ठ उपाध्यक्ष और चिन्हित राज्य आंदोलनकारी संयुक्त समिति के केंद्रीय मुख्य संरक्षक धीरेंद्र प्रताप ने सन 1994 में राज्य आंदोलन के दौरान 1 सितंबर को खटीमा कांड और 2 सितंबर को घटे मसूरी कांड को उत्तराखंड राज्य निर्माण आंदोलन के ₹अविश्वसनीय अध्याय' बताया है। उन्होंने कहा है कि इस दिन उत्तराखंड राज्य आंदोलनकारियों ने अपने बलिदान देकर इस राज्य की नींव को रखने के मार्ग को प्रशस्त किया। उन्होंने कहा राज्य कभी भी बिना खून बहाए नहीं मिलते और जिस तरह से पुलिस ने खटीमा और मसूरी में निर्दोष लोगों का दमन किया वह आज भी उत्तराखंड राज्य निर्माण के इतिहास का काला अध्याय है। धीरेंद्र प्रताप आज राज्य आंदोलनकारियों की खटीमा और मसूरी कांड की स्मृति में आयोजित एक बैठक



को संबोधित कर रहे थे।

**राज्य कभी भी बिना खून बहाए नहीं मिलते :** इस बैठक में जिसे धीरेंद्र प्रताप के अलावा गब्बर सिंह रावत सुष्मिता भंडारी रामलाल नेगी विकास रावत गणेश



डोबरियाल मुकेश चमोली संयोगिता पोखरियाल अजय बिष्ट समेत अनेक लोगों ने संबोधित किया, राज्य आंदोलन के महान शहीदों को सभी ने सर्व संपत्ति से श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए सरकार से मांग की की उत्तराखंड के इतिहास को जल्द से जल्द उत्तराखंड की माध्यमिक शिक्षा के पाठ्यक्रम में शामिल किया जाए। उन्होंने राज्य सरकार से देहरादून और गैरसैंण में राज्य आंदोलनकारी के लिए आंदोलनकारी विश्राम गृह बनाए जाने और खटीमा मसूरी मुजफ्फरनगर और लाल किला कांड में मारे गए शहीदों की याद में राज्यों के सड़कों, भवनों, योजनाओं का नामकरण भी किए जाने की मांग की ।

उन्होंने खटीमा मसूरी मुजफ्फरनगर कांड के शहीदों को राज्य की दूसरी आजादी के नायक बताया और राज्य के मूल निवास, राजधानी भू कानून, परसंपत्तियों के बंटवारे जैसे सवालों को राज्य आंदोलनकारी के सपनों के अनुरूप किए जाने की सरकार से मांग उठाई। इस मौके पर तमाम राज्य आंदोलनकारी ने उत्तराखंड राज्य निर्माण में मातृशक्ति की भूमिका को याद करते हुए आज उत्तराखंड निर्माण के बाद वहां की महिलाओं पर हो रहे अत्याचारों की कड़ी निंदा की और मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी से मांग की यात्रा में महिलाओं पर हो अत्याचारों पर तुरंत रोक लगाई जानी चाहिए।

# युवाओं की उम्मीदों पर खरा उतरा सख्त नकलरोधी कानून

न्यूज़ वायरस नेटवर्क

- पीसीएस परीक्षा में सफल युवाओं ने जताया सीएम धामी का आभार
- कहा, आज पात्र व योग्य युवाओं के सफल होने की है पक्की गारंटी
- एक नहीं तीन से चार प्रतियोगी परीक्षाओं में मिल रही सफलता
- सरकारी सेवा के मिल रहे बेहतर और मनचाहे मौके

देहरादून। सख्त नकल विरोधी कानून राज्य के प्रतिभावान युवाओं की उम्मीदों और आकांक्षाओं पर खरा उतरा है। हाल ही में जारी पीसीएस परीक्षा परिणाम में सफलता के झंडे गाड़ने वाले होनहारों ने देश में सबसे पहले इस कानून को लाने वाले मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी का धन्यवाद प्रकट किया है। सफल अभ्यर्थियों ने कहा कि सख्त नकलरोधी कानून लागू होने से प्रतियोगी परीक्षाओं में न केवल पारदर्शिता आई है बल्कि इस गारंटी को भी पक्का किया है कि इन परीक्षाओं में केवल पात्र और योग्य अभ्यर्थी ही चुनकर आएंगे। अब प्रतिभावान युवाओं को सरकारी सेवा के बेहतर और मनचाहे मौके मिल रहे हैं।

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी सरकार का सख्त नकलरोधी कानून देश के अनेक राज्यों के लिए ही नजीर नहीं बना है, बल्कि इसके कई प्रावधानों को केंद्र सरकार ने भी अंगीकार किया है। प्रदेश में नकल माफिया प्रतिभावान युवाओं के भविष्य के लिए वर्षों से ग्रहण बना हुआ था। आज नकल माफिया का नेटवर्क ध्वस्त होने से प्रतियोगी परीक्षाएं पारदर्शिता और निष्पक्षता के साथ संपन्न हो रही हैं। होनहार अभ्यर्थी एक नहीं तीन से चार परीक्षाओं में सफल हो रहे हैं।

हाल ही में जारी पीसीएस परीक्षा परिणाम के माध्यम से 10 डिप्टी कलेक्टर और 10 पुलिस उपाधीक्षक समेत विभिन्न विभागों में कुल 289 अधिकारी प्रदेश को मिले हैं। इनमें 32 उप शिक्षा अधिकारी,

28 खंड विकास अधिकारी, 28 राज्य कर अधिकारी, 20 उद्यान विकास अधिकारी, 19 बाल विकास परियोजना अधिकारी, 18 वित्त अधिकारी, 17 सहायक निदेशक उद्योग, 16 सहायक आयुक्त राज्य कर, 11 जिला सूचना अधिकारी एवं 11 एआरटीओ मुख्य रूप से शामिल हैं। इससे पूर्व यूकेएसएसएससी परीक्षाओं में तमाम परीक्षार्थियों ने एक से अधिक परीक्षाओं में सफलता पाई है।

तीन साल में 16 हजार से अधिक युवाओं को सरकारी नौकरी

राज्य सरकारी विभागों में अधिकारियों और कर्मचारियों के रिक्त पदों को भरने का अभियान जोरों पर है। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी अपने तीन साल के कार्यकाल में राज्य सरकार के विभिन्न विभागों में करीब 16 हजार से अधिक पदों पर भर्ती का रिकॉर्ड बनाया है। यही नहीं नियुक्ति समय पर देने का कीर्तिमान भी धामी सरकार के नाम है। रोजगार मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी की प्राथमिकता में रहा है। निजी क्षेत्र में अधिकाधिक रोजगार के अवसर सृजित करने के साथ ही सरकारी पदों को भरने के लिए सरकार लगातार काम कर रही है।

**80 से अधिक आरोपी सलाखों के पीछे**

ाज्य में सख्त नकल विरोधी कानून लागू कर धामी सरकार ने नकल माफिया के नेटवर्क को ध्वस्त किया है। कानून के तहत 80 से अधिक आरोपियों को जेल की सलाखों के पीछे डाल दिया गया। इसमें बड़े से बड़े अधिकारी और राजनीतिक पहुंच वालों को भी बख्शा नहीं गया है।

**कड़ी से कड़ी सजा का है प्रावधान**

बता दें कि इस कानून के तहत नकल माफिया को उम्र कैद या फिर 10 साल कैद की सजा का प्रावधान है। प्रतियोगी परीक्षाओं के पेपर लीक करने वाले नकल माफिया के खिलाफ 10 करोड़ रुपये तक का जुर्माना लगाया जा सकता है, साथ ही उसकी संपत्ति भी जब्त की जा सकती है। एक्ट में यह भी प्रावधान किया गया है कि अगर कोई छात्र भर्ती परीक्षाओं में पेपर लीक करते हुए पकड़ा जाता है या फिर नकल के जरिए परीक्षा पास करता है तो उस पर 10 साल का प्रतिबंध लगाया जा सकता है।

# कमलुवगाजा में अवैध बैचिंग प्लांट के विरोध में सैकड़ों ग्रामीणों का आक्रोश

हल्द्वानी। कमलूगांजा नरसिंह तल्ला में प्रस्तावित कंकरीट बैचिंग प्लांट के विरोध में ग्रामीणों ने त्रिमूर्ति मंदिर प्रांगण में एक बैठक आयोजित की। बैठक में क्षेत्रवासियों ने बैचिंग प्लांट से संभावित प्रदूषण, पानी की कमी, और दुर्घटनाओं को लेकर गंभीर चिंता जताई।बैठक में बताया गया कि बिना प्रशासनिक अनुमति के चल रहे इस प्लांट से क्षेत्र में वायु प्रदूषण, जल संकट और सड़क दुर्घटनाओं का खतरा बढ़ गया है। क्षेत्रवासियों ने प्रशासन पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए प्लांट को जल्द बंद कराने की मांग की। ग्रामीणों ने सर्वसम्मति से निर्णय लिया कि मंगलवार को एसडीएम कार्यालय जाकर ज्ञापन सौंपा जाएगा। । ग्रामीणों ने चेतावनी दी कि अगर समय पर कार्रवाई नहीं हुई, तो वे उग्र आंदोलन करेंगे, जिसकी पूरी जिम्मेदारी प्रशासन की होगी

बैठक में भाजपा नेता वि सामाजिक कार्यकर्ता मनोज जोशी,भाजपा नेता महेश शर्मा ,पूरन सिंह खनी, डॉ पंत ,पार्षद चन्द्र प्रकाश आर्या,एडवोकेट धीरेंद्र पांडेय ,भुवन शर्मा जी आदि ने अपने विचार व्यक्त किए, बैठक में केप्टन भड़ ,कैप्टन दिलीप बिष्ट,वीरेंद्र सिंह क़बरिया,महेन्द्र सिंह , चंदन मेवाड़ी जी,ऐन सी तिवारी ,बीसी सुयाल,सोहन सिंह बोरा त्रिभुवन जोशी ,मथुरा दत्त तिवारी ,हरीश बिष्ट ,गंगा शाही ,कमला परगाई ,उर्मिला,सावित्री ,कमलेश शर्मा ,जसवीर खनायत ,गोविंद बरती,देऊपा जी,नवीन उप्रेती,चिलकोटी जी,नरेन खनी ,सामंत जी परमज़ीत सिंह आदि सैकड़ो लोगो ने बैठक के उपरांत मौके के पास ज़ाकर मुख्य रोड़ में आक्रोश ब्यक्त कर प्रदर्शन भी किया।

## शिक्षकों ने उठाई प्रधानाचार्य भर्ती निरस्त करने की मांग

हल्द्वानी। राजकीय शिक्षक संघ की जिला कार्यकारिणी ने रविवार को जिला मंत्री नमिता पाठक के नेतृत्व में कालाढूंगी विधायक बंशीधर भगत के आवास में मुलाकात की। इस दौरान शिक्षकों ने विधायक से प्रधानाचार्य सीधी भर्ती निरस्त करने एवं सभी स्तर पर शत प्रतिशत पदोन्नति करने की मांग की। इस संबंध में शिक्षकों ने विधायक को ज्ञापन भी सौंपा। आज सोमवार से होने वाले धरना प्रदर्शन की जानकारी दी। विधायक ने शिक्षकों को उचित कार्रवाई का भरोसा दिया। इस दौरान जिला मंत्री नमिता पाठक, डॉ. ममता जोशी पाठक, जगदीश सिंह बिष्ट, डॉ. कन्नू जोशी, कृष्णा बिष्ट, पान सिंह मेहता, ललित फर्त्याल, गिरीश जोशी, त्रिलोक बृजवासी, गिरीश चंद्र कांडपाल, हरीश चंद्र पाठक, गणेश जोशी, गिरिजा गुरुरानी, मदन गोस्वामी, प्रमोद कुमार भट्ट, नारायण सिंह चौहान, ललित मोहन पांडे आदि मौजूद रहे।

## संक्षिप्त खबरें

### नई ऊर्जा और उत्साह के नए सदस्य बनाएंगे भाजपाई

देहरादून। भाजपा संयुक्त मोर्चा की बैठक रविवार को महानगर कार्यालय में हुई। बैठक में सोमवार से शुरू होने वाले सदस्यता अभियान को सफल बनाने पर जोर दिया गया। कार्यकर्ताओं से नई ऊर्जा, जोश और उत्साह के साथ एकजुटता के साथ काम करने को कहा गया। मुख्य वक्ता प्रदेश महामंत्री संगठन अजय कुमार ने कहा कि हम सब लोगों को कार्यकर्ताओं के साथ मिलकर प्रत्येक व्यक्ति को राष्ट्र के सबसे बड़े संगठन भाजपा से जोड़ना है, यह हमारा सौभाग्य है कि इस संगठन पर्व को मनाते हुए हम लोग प्रत्येक व्यक्ति से मिलकर उनके घर-घर जाएंगे। कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में सशक्त और विकसित भारत का सपना साकार होने जा रहा है।

### जयपुर रीमा में निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन

हल्द्वानी। जयपुर रीमा के जनजागरण केंद्र में पुणर्वा महिला समिति द्वारा निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर में वरिष्ठ नेत्र विशेषज्ञ , दंत चिकित्सक, आयुर्वेद और प्राकृतिक चिकित्सा विशेषज्ञों ने ग्रामीणों का मुफ्त इलाज किया। शिविर में 238 मरीजों की जांच की गई, जिसमें दिल की जांच, ब्लड शुगर, और अन्य परीक्षण शामिल थे। शिविर में निःशुल्क दवाओं का वितरण भी किया गया। जयपुर रीमा के ग्राम प्रधान सीमा पाठक और उनके पति कीर्ति बल्लभ पाठक ने शिविर के आयोजन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।शिविर में भाग लेने वाले सभी ग्रामीणों ने समिति के इस प्रयास की सराहना की।शिविर में डॉ तीतीयाल, डॉ एच पी पटेल, डॉ एस. के.पाण्डेय ( एम. डी ), डॉ देवानंद गुप्ता, डॉ अंकिता चंदना विरिष्ठ फयसोथेरेपिस्ट एम पी. टी ( अर्थोपडिस्क )आदि भी मौजूद रहे।

### आज हावड़ा से दो घंटे देर से चलेगी बाघ एक्सप्रेस

हल्द्वानी। हावड़ा और काठगोदम स्टेशन के बीच नियमित चलने वाली बाघ एक्सप्रेस सोमवार 2 सितंबर को हावड़ा से दो घंटे देरी से चलेगी। बाघ एक्सप्रेस का हावड़ा से चलने का निर्धारित समय रात 9.45 ( 21.45 ) है जबकि सोमवार को यह दो घंटा लेट 11.45 ( 23.45 ) पर चलेगी। इज्जत नगर मंडल के पीआरओ राजेन्द्र सिंह ने बताया कि गोरखपुर व गोंडा के बीच आटोमेटिक सिग्नल का काम गतिमान होने के चलते ट्रेन हावड़ा से 2 घंटे लेट चलेगी।

### दुष्कर्म पीड़िता की शिकायत पर तुरंत कार्रवाई होः डॉ पांडे

हल्द्वानी। भाकपा माले ने नैनीताल दुग्धसंघ के पदाधिकारी पर महिला से दुष्कर्म मामले में मुकदमा दर्ज कर जेल भेजने की मांग की है। रविवार को प्रेस को जारी बयान में माले के जिला सचिव डॉ. कैलाश पांडे ने कहा कि लगातार महिलाओं को सुरक्षा मुहैया कराने की मांग उठ रही है। ठीक उसी समय में उत्तराखंड में पहले सल्ट क्षेत्र और अब लालकुआं में दुग्धसंघ के पदाधिकारी महिलाओं के उत्पीड़न में लिप्त पाए जा रहे हैं। यह बेहद शर्मनाक है। उन्होंने नैनीताल पुलिस से मामले में आरोपी को जेल भेजने व पीड़ित महिला की सुरक्षा की मांग की है।

### नुमाइश के आखिरी दिनों में फिर विवाद, दुकानदार को मारा चाकू

हल्द्वानी। एमबीपीजी इंटर कॉलेज के मैदान में चल रही नुमाइश के आखिरी दो दिन बचे हैं। शनिवार की रात करीब डेढ़ बजे 40-45 लड़कों का ग्रुप नुमाइश में पहुंचा और वहां लगी दुकानों से मुफ्त में सामान उठाने लगे। दुकानदारों ने जब विरोध किया तो इन लड़कों ने मारपीट शुरू कर दी। एक दुकानदार को तमंचा दिखाते हुए पहले धमकाया और उसके बाद लोहे की रॉड और चाकू से हमला कर लहूलुहान कर दिया। बाहरी दुकानदारों ने देर रात कोतवाली पहुंचकर मामले में तहरीर सौंपते हुए कार्रवाई की मांग की। नुमाइश में बरेली, बदायूं, मुरादाबाद, अलीगढ़ समेत बाहरी शहरों से आए दुकानदारों ने दुकानें लगाई हैं। दो दिन बाद नुमाइश खत्म होने वाली है। फिलहाल अब गिने-चुने लोग ही नुमाइश में पहुंच रहे हैं, तो दुकानदारों की भी कमाई की उम्मीद अभी बनी हुई है। नुमाइश में दुकान लगाने वाले बदायूं निवासी हर्षित ने बताया कि उनकी खिलौने की दुकान है। शनिवार रात करीब एक बजे करीब 40 लड़के नुमाइश में पहुंचे। आरोप है कि ये लोग दुकानों से जबरन मुफ्त में सामान उठाने लगे। हर्षित का कहना है कि उनकी दुकान पर जब ये लड़के पहुंचे तो उन्होंने विरोध किया। इस पर एक लड़के ने खुद को पार्किंग वाला बताकर तमंचा दिखाया और मारपीट शुरू कर दी। आरोप है कि हर्षित को पीट-पीटकर अधमरा कर दिया और चाकू से हमला किया। चाकू के हमले से बचाव के प्रयास में दुकानदार अंगुलियों के बीच घाव हो गया। वहीं होंठ पर लोहे की रॉड पड़ने की वजह से टांके आए हैं। देर रात करीब डेढ़ बजे बड़ी संख्या में दुकानदार इकट्ठा होकर कोतवाली पहुंचे और तहरीर दी। कोतवाल उमेश कुमार मलिक ने बताया कि घटनास्थल की सीसीटीवी फुटेज खंगाली जा रही है।

# राहुल गांधी की राजनीति का टर्निंग प्वाइंट और व्हाइट टी शर्ट का राज



सरफराज सैफी, न्यूज़ एंकर / वरिष्ठ पत्रकार
न्यूज़ वायरस नेटवर्क

लोकसभा चुनाव के बाद से राहुल गांधी एक अलग ही रूप में नजर आ रहे हैं। पिछले कुछ दिनों से राहुल बदले बदले नजर आ रहे हैं। राहुल गांधी ने अपने प्लान और अपने एजेंडों से बीजेपी की मुश्किलें बढ़ दी है।मोदी सरकार और बीजेपी चाहकर भी वो नहीं कर पा रही जिसके लिए वो जानी जाती है। कई मुद्दों पर तीसरे कार्यकाल में मोदी सरकार का जो रुख नजर आया है।इससे पहले बीते 10 सालों में कभी नहीं नजर आया।इस सबके पीछे की वजह राहुल गांधी का आक्रामक रुख माना जा रहा है। दरअसल राहुल गांधी संसद से लेकर सड़क तक पर अब पूरी तरह से एक्टिव नजर आते हैं। राहुल गांधी कभी युवाओं और छात्रों से संवाद करते हैं,कभी मजदूरों के बीच पहुंच जाते हैं,कभी कैब ड्राइवर के साथ कैब में बैठ जाते हैं, तो कभी मोची, नाई, बढ़ई के साथ दिख जाते हैं। राहुल के बदले रूप को देखकर उनके विरोधी हैरान है। राहुल गांधी के हाल के राजनीति को देखेंगे तो पता चलेगा कि राहुल युवा, गरीब और आम जनता के बीच जाकर अपनी एक अलग राजनेता की छवि गढ़ने में लगे हैं।हाल के समय में राहुल गांधी ने लापरवाह और कैजुअल अप्रोच रखने वाले नेता का टैग भी खुद से हटवाया दिया। उन पर आरोप लगता था कि वह गंभीर राजनेता नहीं हैं। इससे उनकी मेहनत भी कई बार बेकार हो जाती थी। अचानक विदेश जाने से लेकर उनका मुख्यधारा से गायब होना छवि पर असर डालता था। अब राहुल गांधी में निरंतरता दिखी। इसका साफ असर दिखने लगा है।राहुल गांधी ने हाल के वर्षों में खुद को वंचितों की लड़ाई लड़ने वाली आवाज के रूप में स्थापित किया। पिछड़े, दलितों की आवाज बनने की कोशिश की। उन्होंने जाति जनगणना का मुद्दा उठाया। उनके इस स्टैंड पर पार्टी के अंदर से बाहर तक आवाज उठी। मगर, राहुल डिगे नहीं। चुनाव परिणाम ने साबित किया कि कांग्रेस के उदय के पीछे उनकी यह रणनीति कारगर रही।इन सबके पीछे राहुल की पदयात्राओं का महत्वपूर्ण योगदान रहा है।

**राहुल का नया अवतार**

भारत जोड़ो यात्रा के बाद राहुल गांधी नए-नए अवतार में नजर आए थे। राहुल गांधी का अब 'जूडो अवतार' सामने आया है। इसमें वो मार्शल आर्ट के गुर सीखते और फुल एक्शन में नजर आ रहे। 29 अगस्त यानी राष्ट्रीय खेल दिवस के मौके पर राहुल गांधी ने सोशल मीडिया पर सियासी दांव-पेच के संकेतों वाला वीडियो जारी किया। राहुल गांधी का ये वीडियो अब राजनीति व्यूज भी बटोर रहा है। राहुल गांधी का ये वीडियो नया नहीं है, बल्कि उनके भारत जोड़ो यात्रा के दौरान की ही है। लेकिन राहुल ने सोशल मीडिया पर पोस्ट राष्ट्रीय खेल दिवस के मौके पर किया। इस वीडियों में राहुल बच्चों के साथ मार्शल आर्ट करते नजर आ रहे हैं।वीडियो में राहुल गांधी बच्चों को अलग-अलग अंदाज में सेल्फ डिफेंस की ट्रेनिंग देते नजर आ रहे हैं। राहुल गांधी ने इस वीडियो को शेयर करते हुए सोशल मीडिया पर लिखा हैं कि भारत डोजो यात्रा कमिंग सून। मतलब अब भारत जोड़ो नहीं बल्कि भारत डोजो यात्रा जल्द शुरू होने वाली है।दरअसल, भारत जोड़ो न्याय यात्रा के दौरान राहुल कैंप में हर शाम जिउ जित्सु प्रैक्टिस का रूटीन था। जो मार्शल आर्ट का हिस्सा है राहुल ने इस वीडियो के साथ लिखा कि वो जिस शहर में रुकते थे, वहां के युवा मार्शल आर्ट छात्र भी इस प्रैक्टिस में हिस्सा लेने लगे। एक तरह से राहुल का ये कार्यक्रम कम्युनिटी एक्टिविटी में बदल गया यानी पिपुल कनेक्ट, युथ कनेक्ट। राहुल खुद ऐकिडो में ब्लैक बेल्ट हैं इसकी जानकारी राहुल गांधी ने खुद बच्चों को दी थी।राहुल गांधी भी इन दिनों यही कनेक्शन जमीन पर तलाश रहे हैं।और अब इसी तलाश में राहुल नए यात्रा पर निकलने वाले है। एक तरह से आप कह सकते हैं कि राहुल के इस नए यात्रा का ये टीजर है।पूरी पिक्चर आगे रिलीज होगी तारीख के साथ जगह भी आएगी, लेकिन इस बार भारत जोड़ो नहीं, भारत डोजो यात्रा होगा।

**क्या है डोजो का मतलब ?**

दरअसल डोजो का मतलब उस प्रशिक्षण केंद्र से है जहां जूडो कराटे और दूसरे मार्शल आर्ट सिखाई जाती है।सबसे शुरुआती 'जोडो' बौद्ध मंदिरों के अंदर बनेऔर जापानी भाषा में 'जोडो' का मतलब जाने का रास्ता भी होता है।राहुल गांधी का कहना है कि इस जापानी प्रेक्टिस को लेकर हमारा मकसद युवाओं को योग-ध्यान के अलावा जिउ-जित्सु, ऐकिडो और अहिंसक संघर्ष की तकनीकों के मिश्रण से 'जेंटल आर्ट' की सुंदरता से परिचित कराना था। इसके साथ ही अगर ऐकिडो की बात की जाए तो ऐकिडो मार्शल आर्ट की एक कला है जिसमें मन शांत रखने पर ज्यादा जोर दिया जाता है।ये हमले से ज्यादा आत्मरक्षा सिखाने की कला है।ऐसा माना जाता है कि इसकी शुरुआत 1920 में जापान में हुई थी।ऐकिडो के 9 लेवल होते हैं, हर लेवल में ब्लैक बेल्ट होती है।राहुल को लेवल-1 में ब्लैक बेल्ट हासिल की है।इस कला में जिउ जित्सु को भी नजरअंदाज नहीं किया जा सकता,जिउ जित्सु भी जापानी मार्शल आर्ट की कला है।ये खुद को फिट रखने और सेल्फ डिफेंस का एक तरीका है।अपने विरोधी को वश में करने का ये अहिंसक तरीका है,इसमें किसी तरह के हथियार का इस्तेमाल नहीं होता है। ऐसा लगता है कि मार्शल आर्ट के इन कला के जरिए राहुल गांधी अपनी मोहब्बत की दुकान



चलाने के लिए जिस जापानी फार्मूले का सहारा ले रहे हैं, उसमें हिंसा की कोई जगह नहीं है।बल्कि अगर दूसरा कोई हिंसक हो रहा हो तो उसकी एनर्जी खत्म करके उसे भी हिंसा फैलाने से रोका जाता है।राहुल गांधी के इस पोस्ट के बाद से राजनीति गलियारों में अलग-अलग मतलब लगाए जा रहे है। और माना जा रहा है कि राहुल सेल्फ डिफेंस को लेकर देश में कोई पहल करने जा रहे हैं। इस यात्रा के जरिए राजनीति की भाषा में आप इसे युवाओं को अपने साथ



जोड़ने की एक नई रणनीति कह सकते हैं। साल 2019 पांच साल पहले 2019 में राष्ट्रीय खेल दिवस के दिन ही प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने फिट इंडिया मूवमेंट की शुरुआत की थी।फिट इंडिया मूवमेंट के जरिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने युवाओं से सीधे कनेक्ट किया था। इसका फायद भी लगातार बीजेपी को चुनाव दर चुनाव मिलता गया।अब भारत जोड़ो यात्रा के दो संस्करण के बाद राहुल गांधी को भी इसका फायदा 2024 के चुनाव में हुआ।सियासी जानकार का मानना है कि यही वजह है कि राहुल पीएम मोदी के फिट इंडिया के जवाब में भारत डोजो यात्रा निकालने वाले है।इसके पीछे युवाओं को अपने साथ जोड़ने का मकसद है।अब इसके पीछे की राजनीति मंशा क्या है उस पर अगर गौर फरमाए तो दुनिया के सबसे युवा देशों में से एक है भारत और देश की 65 फीसदी आबादी 35 साल से कम की है।देश में 18 से 29 साल के युवा वोटरों की संख्या करीब 21 करोड़ से ज्यादा है,जानकार बताते हैं कि भारत जोड़ो यात्रा और भारत जोड़ो न्याय यात्रा से ही राहुल गांधी की राजनीति में धार आई है।शायद इसलिए अपनी राजनीति को और धार देने के लिए यात्रा के तीसरे संस्करण की तैयारी है। राहुल गांधी के पिछले कुछ महीनों की राजनीति को अगर ध्यान से देखेंगे तो वो लगातार गरीब, किसान और युवाओं से मिलते हैं।उनसे बात करते हैं, उनके व्यवसाय के बारे में जानते हैं और खुद को उससे जोड़ कर उस वर्ग को कनेक्ट करने की कोशिश करते हैं। जब नीट पेपर लीक को लेकर देश भर में घमासान मचा था तो राहुल गांधी ने नीट के उम्मीदवारों से मिलकर उनसे संवाद किया था उनके समस्याओं को जाना था। हाल ही में जब राहुल गांधी जम्मू-कश्मीर के दौरे पर पहुंचे तो कश्मीर के लड़कियों से मुलाकात की जिसका वीडियो भी राहुल गांधी ने सोशल मीडिया पर शेयर किया।

**सफेद टीशर्ट के पीछे का संदेश**

राहुल गांधी 53 साल के हैं लेकिन वो देश के लोगों को बताना चाहते हैं कि वो युवा हैं।शारीरिक रूप से ताकतवर हैं,वो कूल और काम हैं। पूरे भारत जोड़ो यात्रा के दौरान कराके की ठंड में भी राहुल गांधी सिर्फ एक सफेद टीशर्ट में नजर आए। जिसके बाद इस पर खुब चर्चा हुआ कि कैसे राहुल इस ठंड में भी सिर्फ एक टीशर्ट के साथ रहते हैं।क्या रहुल गांधी को ठंड नहीं लगती,कन्याकुमारी से कश्मीर तक राहुल गांधी ने देश को पैदल नापा था।लेकिन तन पर सिर्फ एक सफेद टीशर्ट पहन रखी थी। तब से लेकर अब तक लगातार किसी भी मौके पर राहुल सिर्फ सफेद टीशर्ट में ही नजर आते हैं। भारत जोड़ो यात्रा जब अपने अगले पड़ाव पर बढ़ी तो उसका नाम बदल कर भारत जोड़ो न्याय यात्रा रखा गया,लेकिन नहीं बदला तो राहुल गांधी का ये सफेद टीशर्ट। भारत जोड़ो न्याय यात्रा में भी राहुल सिर्फ सफेद टीशर्ट में ही नजर आए। 2024 के चुनावी मंच पर भी राहुल गांधी सिर्फ सफेद टीशर्ट में ही दिखे। टीशर्ट अब राहुल गांधी की एक तरह से पहचान बन गई हैं। विपक्ष के नेता बनने के बाद भी राहुल संसद में सफेद टीशर्ट में ही नजर आते हैं।भारत जोड़ो यात्रा ने ना सिर्फ राहुल के छवि को बदला बल्कि कांग्रेस को इसका खुब फायदा हुआ है। भारत जोड़ो यात्रा के बाद राहुल गांधी और की जिंदगी में वो टर्निंग पॉइंट आया, जिसका राहुल गांधी और कांग्रेस पार्टी लंबे अरसे से इंतजार कर रही थी।साल 2022 राहुल गांधी ने भारत भ्रमण का फैसला किया और राहुल भारत जोड़ो यात्रा पर निकाल पड़े।ये यात्रा कन्याकुमार से कश्मीर कई राज्य होते हुए करीब 4000 किलोमीटर की दूरी तय की,भारत जोड़ो यात्रा से राहुल की छवि को काफी फायदा पहुंचा और राहुल की छवि को सुधारने में बड़ा योगदान दिया।लोगों ने लंबे वक्त बाद ऐसे राहुल गांधी को देखा, जिसके भाषण में गंभीरता थी और जो आम जनमानस के मुद्दे उठा रहा था।राहुल की इस यात्रा ने लोगों को उनके प्रति नजरिया बदलने में बड़ा योगदान दिया।इसी का नतीजा रहा कि कांग्रेस को कर्नाटक और तेलंगाना में जीत भी मिली।जानकार मानते हैं कि भारत जोड़ो यात्रा का ही नतीजा है कि साउथ के राज्यों में कांग्रेस ने दो राज्यों में सरकार बना ली।भारत जोड़ो यात्रा के सफलता के बाद कांग्रेस ने लोकसभा चुनाव से पहले भारत जोड़ो न्याय यात्रा निकाली। इसका भी फायदा कांग्रेस को लोकसभा चुनावों में मिला। अब हरियाणा और जम्मू-कश्मीर जैसे राज्य में चुनाव हैं ऐसे में भारत डोजो यात्रा का जो दांव राहुल गांधी ने चला है उसका कितना फायदा राहुल गांधी



और कांग्रेस पार्टी को होगा ये आने वाला वक्त बताएगा। लेकिन एक बात तय है कि हाल के दिनों में राहुल गांधी ने अपनी राजनीति में जो बदलाव किया है उसकी तारीफ उनके विरोधी भी कर रहे हैं। हाल ही में राहुल गांधी के धुर विरोधी स्मृति ईरानी ने दबी जुबान में ही सही लेकिन उन्होंने कहा कि राहुल गांधी अब अलग तरह की पॉलिटिक्स कर रहे हैं।राहुल गांधी ने बीते कुछ सालों में ना सिर्फ अपनी राजनीति को बदला है।बल्कि अपना पहनावा भी बदल लिया है।राहुल गांधी इसे 'पारदर्शिता' और 'सादगी' का संदेश देने का जरिया मानते हैं।इसके साथ ही राहुल पहले गठबंधन की राजनीति के बेहतर खिलाड़ी नहीं माने जाते थे। उन पर आरोप लगाया जाता था कि वे दूसरे दलों के साथियों को जोड़ने में कामयाब नहीं रहते हैं। उन्होंने I.N.D.I.A. को लेकर लचीलापन दिखाया। न खुद पहल कर दूसरे दलों के नेताओं को अपने साथ जोड़ा बल्कि सीट शेयरिंग से लेकर तमाम मसलों पर संवाद किया। जहां भी कोई उलझन हुई खुद हस्तक्षेप कर उसे दूर किया। साझा मुद्दे से लेकर साझी दावेदारी तक में उन्होंने खुला दिल दिखाया।राहुल गांधी ने अपनी छवि में बड़ा बदलाव किया। कभी विरोधियों ने मजाक उड़ाया, अलग-अलग नामों से पुकारा। मगर, हाल के समय में उनकी छवि एक भले इंसान की बनी।अब देखने वाली बात होगी कि इस राहुल की ये छवि राजनीति में उनके कद को कितनी ऊंचाई तक पहुंचाती है।

# 15 से 22 सितंबर तक देखिये क्रिकेट का तूफान 'उत्तराखण्ड प्रीमियर लीग'

## सीएयू सचिव महिम वर्मा ने किया टीमों और इनके मालिकों का अनावरण







न्यूज़ वायरस नेटवर्क

- क्रिकेट एसोसिएशन ऑफ उत्तराखण्ड की लीग में आकर्षक पुरस्कार राशि की घोषणा
- राजीव गांधी इंटरनेशनल स्टेडियम में 16 रोमांचक गेम्स में दिखेगा क्रिकेट का जलवा

देहरादून, 2 सितम्बर देहरादून में आयोजित एक भव्य समारोह के दौरान क्रिकेट एसोसिएशन ऑफ उत्तराखण्ड (सीएयू) और आयोजनकर्ता एसएसपीएआरके स्पोर्ट्स एण्ड एंटरटेनमेन्ट ने उत्तराखण्ड प्रीमियर लीग (यूपीएल) के पहले सीज़न के लिए टीमों की घोषणा कर दी है। पांच पुरूष और तीन महिला टीमें पहले यूपीएल में चैम्पियन बनने के लिए मुकाबला करेंगी। माहिम वर्मा (सचिव, सीएयू) ने टीम के मालिकों और प्रतियोगिता की संस्थापक टीमों का परिचय दिया।

उत्तराखण्ड के विभिन्न प्रतिभाशाली क्षेत्रों को प्रतिनिधित्व करने वाली पांच पुरूष टीमें हैंः

देहरादून वॉरियर्सः जिनका स्वामित्व शैलेन्द्र भदौरिया के स्वामित्व की टीम, हरिद्वार स्प्रिंग एल्मस- फैयाजुद्दीन के स्वामित्व की टीम, नैनीताल एसजी पाइपर्स- डॉ रोहण गुप्ता के स्वामित्व की टीम, पिथौरागढ़ हरीकेन- प्रकाश सिंह एवं कृष्णा शेट्टी के स्वामित्व की टीम, उधम सिंह नगन इंडियन्स- सुभाष अरोड़ा के स्वामित्व की टीम शामिल हैं। तीन महिला टीमें जो राज्य में महिला खेलों के प्रति रूचि और अवसरों को बढ़ाने में मुख्य भूमिका निभाएंगी उसमें मसूरी थंडर्स- प्रकाश सिंह के स्वामित्व की टीम, नैनीताल एसजी पाइपर्स- डॉ रोहण गुप्ता के स्वामित्व की टीम, पिथौरागढ़ हरीकेन- कृष्णा शेट्टी के स्वामित्व की टीम शामिल है। ये टीमें न सिर्फ अपने-अपने शहरों के जोश और उत्साह का प्रतिनिधित्व करेंगी बल्कि पूरे उत्तराखण्ड राज्य का गौरव भी बढ़ाएंगी।

यूपीएल का उद्देश्य क्रिकेट के माध्यम से राज्य को एकजुट करना, तथा स्थानीय खिलाड़ियों को अपनी प्रतिभा प्रदर्शित करने का अवसर प्रदान करना है। देहरादून, हरिद्वार, नैनीताल, पिथौरागढ़ और उधम सिंह नगर से समुदायों को एकजुट कर यूपीएल उत्तराखण्ड की समृद्ध सांस्कृतिक धरोहर एवं खेल प्रतिभा का जश्न मनाने का वादा करता है।

टूर्नामेन्ट के प्रति आकर्षण को बढ़ावा देने के लिए यूपीएल ने लगभग 50 लाख की आकर्षक पुरस्कार राशि की घोषणा भी की है। पुरूष प्रतियोगिता के विजेताओं को रु 25 लाख की राशि



जीतने का मौका मिलेगा, वहीं महिला प्रतियोगिता के चैम्पियनों को रु 7 लाख के पुरस्कार से सम्मानित किया जाएगा। रनर-अप्स को अच्छी पुरस्कार राशि से सम्मानित किया जाएगा, पुरूष एवं महिला टीमों को क्रमशः 12 लाख और रु 3 लाख के पुरस्कार मिलेंगे। इसके अलावा लीग व्यक्तिगत प्रतिभा को भी पहचानेगी, मैन्स प्लेयर ऑफ द सीरीज़ को रु 1 लाख तथा वुमेन्स प्लेयर ऑफ द सीरीज़ को रु 25000 का पुरस्कार मिलेगा। घरेलू प्रतिभा को बढ़ावा देने की प्रतिबद्धता का प्रदर्शन करते हुए जय हिंद ऑटो टेक इंडस्ट्रीज़ ने मैन्स एवं वुमेन्स प्लेयर ऑफ द सीरीज़ को इलेक्ट्रिक बाईक एवं एक्टिवा देने की घोषणा भी की है। हर मैच को रोमांचक बनाने के लिए यूपीएल में सभी 16 मैचों के लिए रु 10000 का प्लेयर ऑफ द मैच अवॉर्ड भी दिया जाएगा।

यह निवेश उत्तराखण्ड में क्रिकेट को बढ़ावा देने की यूपीएल की प्रतिबद्धता को दर्शाता है। ऐसे आकर्षक प्रोत्साहन के साथ यूपीएल घरेलू क्रिकेट के क्षेत्र में नए बेंचमार्क स्थापित करने जा रही है। इस आयोजन में टीम के मालिक पुरूष एवं महिला प्रतियोगिताओं के लिए प्रतिभाशाली खिलाड़ियों का चुनाव करेंगे। टीमें सबसे पहले एक-एक मार्की प्लेयर को चुनेंगी- पांच पुरूष टीमों के पास छह मार्की खिलाड़ियों- आकाश मधवाल, राजन कुमार, दीपक धपोला, आदित्य तारे और कुनाल चंदेला- में से चुनने का विकल्प होगा। इस बीच तीन मार्की महिला खिलाड़ी एकता बिष्ट, मानसी जोशी और नीलम बिष्ट भी महिला टीमों के लिए उपलब्ध होंगे।

इस अवसर पर माहिम वर्मा, सचिव, सीएयू ने कहा, ''उत्तराखण्ड प्रीमियर लीग सिर्फ एक टूर्नामेन्ट नहीं हे, यह एक आंदेलन है जो पूरे उत्तराखण्ड राज्य को प्रोत्सिहत करेगा। यूपीएल के माध्यम से हम अपने राज्य की सर्वश्रेष्ठ क्रिकेट प्रतिभा का प्रदर्शन करना चाहते हैं, साथ ही क्षेत्र में खेलों के विकास को बढ़ावा देना चाहते हैं। यह देखकर अच्छा लगता है कि हमें इस लीग के लिए शानदार प्रक्रिया मिली है। क्रिकेट एसोसिएशन ऑफ उत्तराखण्ड की ओर से मैं यूपीएल परिवार का स्वागत करता हूं और कल के प्लेयर ड्राफ्ट के लिए शुभकामनाएं देता हूं।''हमें खुशी है कि हमने खिलाड़ियों के समग्र विकास को सुनिश्चित करने के लिए आकर्षक पुरस्कार राशि की घोषणा की है, ताकि वे अपने क्षेत्र में प्रगति जारी रख सकेंगे।' वर्मा ने कहा। यूपीएल की शुरूआत 15 सितम्बर 2024 को राजीव गांधी इंटरनेशनल क्रिकेट स्टेडियम देहरादून में होगी, ये मैच 22 सितम्बर तक खेले जाएंगे। पुरूष और महिला टीमों के बीच कुल 13 मैच होंगे और ग्राण्ड फिनाले के साथ चैम्पियन की घोषणा की जाएगी।

# केन्द्रीय संस्कृत विवि उत्तराखंड में वोकेशनल कोर्स संचालित करेगा

न्यूज़ वायरस नेटवर्क

देहरादून , 2 सितंबर , केन्द्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय के सहयोग से उत्तराखंड संस्कृत विश्वविद्यालय, उत्तराखंड संस्कृत अकादमी हरिद्वार व श्री रघुनाथ कीर्ति परिसर देवप्रयाग में वोकेशनल कोर्स संचालित किये जाएगे।

2- संस्कृत विद्यालयों में उत्तरमध्यमा (कक्षा11- 12) स्तर पर गणित,भौतिक, रसायन व जीवविज्ञान के विषयों के अध्ययन हेतु के0सं0वि0 नई दिल्ली द्वारा विद्यालयों को शिक्षक अनुदान उपलब्ध कराया जाएगा।

3- उत्तराखंड के संस्कृत विश्वविद्यालय व समस्त संस्कृत विद्यालय-महाविद्यालय के छात्र-छात्राओं को के0सं0वि0 नई दिल्ली द्वारा छात्रवृत्ति / शोधछात्रवृत्ति प्रदान की जाएगी। जिस हेतु सम्बन्धित संस्था द्वारा आनलाईन आवेदन किया जाएगा।

4- उत्तराखंड संस्कृत विश्वविद्यालय, उत्तराखंड संस्कृत अकादमी, समस्त संस्कृत महाविद्यालय व विद्यालयों के पुस्तकालय संवर्धन हेतु केन्द्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय नई दिल्ली द्वारा पुस्तकीय सहायता उपलब्ध कराई जाएगी।

5- ₹संस्कृत शिक्षकों के कौशल विकास₹ हेतु केन्द्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय द्वारा





उत्तराखंड संस्कृत शिक्षा विभाग के साथ मिलकर विविध कार्यशालाओं का आयोजन किया जाएगा।

6- उत्तराखंड में 13 संस्कृत ग्रामों के विकास हेतु केन्द्रीय संस्कृतविश्वविद्यालय के सहयोग से 'संभाषण प्रशिक्षक' उपलब्ध कराये जाएगे।

7- उत्तराखंड की गढवाली,कुमाउनी, जौनसारी आदि क्षेत्रीय भाषाओं में निहित संस्कृत शब्दों की 'लघु शब्दावली' तैयार करने हेतु ₹भारतीय भाषा समिति₹ का सहयोग लिया जाएगा।

8- केन्द्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय के सहयोग से उत्तराखंड संस्कृत अकादमी हरिद्वार में 'संस्कृत वाटिका' का निर्माण कराया जाएगा। जिसके अन्तर्गत बाल्मीकि,वेदव्यास, पाणिनी, पतंजलि,शंकराचार्य आदि जीवन पर आधारित चित्रों व मूर्तियों का संग्रहालय स्थापित कराया जाएगा।

9- केन्द्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय द्वारा हरिद्वार में राष्ट्रीय स्तर की ₹अखिल भारतीय शास्त्रीय प्रतिस्पर्धा₹ का आयोजन किया जाएगा।

10- उत्तराखंड के प्रतिभावान् संस्कृत छात्रों को आई0ए0एस0 , पी सी एस जैसी प्रतिष्ठित परीक्षाओं की तैयारी हेतु केन्द्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय सुविधायें उपलब्ध करायेगा।

11- उत्तराखंड संस्कृत शिक्षा विभाग की ₹सचल पुस्तकालय ₹ योजना में भी केन्द्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय के द्वारा सहयोग प्रदान किया जाएगा।

केंद्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय से श्रीनिवास बरखेडी,कुलपति केन्द्रीयसंस्कृतविश्वविद्यालय, नई दिल्ली , प्रो0 मधुकेश्वर भट्ट, निदेशक (योजना) , केन्द्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय , डा जगन्नाथ झा, असिस्टेंट प्रोफेसर, केन्द्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय के अधिकारी उपस्थित रहे

# ज़िन्दगी की जंग लड़ने के लिए खुद में साहस और ज्ञान विकसित करें : उपराष्ट्रपति

न्यूज़ वायरस नेटवर्क








देहरादून , 2 सितंबर , उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने देहरादून स्थित राष्ट्रीय भारतीय सैन्य महाविद्यालय (RIMC) के कैडेट्स से आग्रह किया कि वे अपने संस्थान के आदर्श- बल विवेक को चरितार्थ करें और ताकत और ज्ञान विकसित करें ताकि वे जीवन की बड़ी जंग को लड़ सकें। उन्होंने कहा, ₹ताकत और विवेक एक मजबूत संयोजन बनाते हैं जो चुनौती का सामना करने पर अभेद्यता उत्पन्न करता है।₹

राष्ट्र के हित को सभी परिस्थितियों में सबसे ऊपर रखने की आवश्यकता पर बल देते हुए, उपराष्ट्रपति ने कहा, ₹देश की सेवा गर्व और निर्भीकता के साथ करें ! भारत माता आपका इंतजार कर रही है। राष्ट्र का भविष्य आपके कंधों पर है। हमेशा राष्ट्रीय हित को प्राथमिकता दें। आपका आचरण अनुशासन, शिष्टाचार और सहानुभूति का उदाहरण होना चाहिए।₹

RIMC के कैडेट्स को संबोधित करते हुए, उपराष्ट्रपति ने RIMC के पूर्व छात्रों और समुदाय से आग्रह किया कि वे एक थिंक टैंक के रूप में कार्य करें और युवाओं में राष्ट्रीयता की भावना का संचार करें तथा उन लोगों के खिलाफ़ कदम उठाएं जो ग्राउंड रियलिटी से अज्ञात हैं और भारत की अद्वितीय आर्थिक वृद्धि, विकास यात्रा और वैश्विक मंच पर उन्नति को नहीं मानते।

डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन के 10 दिसंबर 1962 को RIMC कैडेट्स को दिए गए भाषण की याद दिलाते हुए, उपराष्ट्रपति धनखड़ ने दोहराया, ₹पृथ्वी बहादुरों की होती है, आत्मा में ताकत रखने वालों की होती है, आलसी और अक्षम लोगों की नहीं। इस महान प्रतिस्पर्धा और प्रतिद्वंद्विता की दुनिया में, हमें आत्म-नियंत्रण और बलिदान से जीवन जीना होगा । इन महान आदर्शों को जीवन में धारण करें।

कैडेट्स को कठिनाइयों के समय भी खड़ा रहने के लिए प्रेरित करते हुए, श्री धनखड़ ने कहा, ₹मेरे प्रिय युवा कैडेट्स, आपकी व्यक्तिगत और पेशेवर यात्रा में, आप ऐसे क्षणों का सामना करेंगे जो आपको परखेंगे। ऐसे दिन आएंगे जब आपकी धैर्यता कम हो जाएगी और थकावट बढ़ेगी। आप सभी अपने-अपने संघर्षों का सामना करेंगे, लेकिन याद रखें कि जो लोग चुनौती का सामना करते हैं और विपरीत परिस्थितियों में जोखिम उठाते हैं, वे ही साहस, पहल और नेतृत्व का प्रतिनिधित्व करते हैं।

विफलता के भय को विकास का सबसे बड़ा हत्यारा बताते हुए, श्री धनखड़ ने कैडेट्स से कहा ₹जीवन में कभी विफलता से न डरें, यह सफलता की ओर एक कदम है। डर की भावना आपकी प्रतिभा के उपयोग और आपके संभावनाओं की वास्तविकता में बाधा डालती है। हमेशा याद रखें, डर हमारे विकास की यात्रा का आवश्यक हिस्सा है।₹

चंद्रयान मिशन की सफलता की कहानी का जिक्र करते हुए, उन्होंने कहा, ₹ऐतिहासिक चंद्रयान मिशन को याद करें ! चंद्रयान 2 आंशिक रूप से सफल हुआ लेकिन पूरी तरह से नहीं। कुछ के लिए यह विफलता थी और समझदार लोगों के लिए यह सफलता की ओर एक कदम था। और 23 अगस्त पिछले वर्ष को चंद्रयान 3 ने चंद्रमा के दक्षिणी ध्रुव पर लैंड किया, और भारत ने इस उपलब्ध्धि को प्राप्त करने वाला पहला राष्ट्र बन गया।₹

RIMC और सैनिक स्कूलों में लड़कियों की भर्ती की सराहना करते हुए, श्री धनखड़ ने कहा कि ये कदम लिंग समानता और न्याय के लिए महत्वपूर्ण प्रगति को दर्शाते हैं। ₹हमारी महिलाएं लड़ाकू विमानों की पायलट हैं, वे अंतरिक्ष मिशनों की कमान संभाल रही हैं, और हर रुकावट को तोड़ रही हैं। लोकसभा और राज्य विधानसभाओं में महिलाओं के लिए एक तिहाई आरक्षण निश्चित रूप से एक गेम चेंजर होगा₹, उपराष्ट्रपति ने कहा। इस अवसर पर उत्तराखंड के गवर्नर लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह, राष्ट्रीय भारतीय सैन्य कॉलेज के कमांडेंट, कर्नल राहुल अग्रवाल, कैडेट्स, शिक्षकगण और अन्य गणमान्य व्यक्ति भी उपस्थित थे।

## युवा संसद में संसदीय प्रणाली की गतिविधि जानी

पौड़ी। राठ महाविद्यालय पैठाणी में युवा संसद का आयोजन किया गया। जिसमें छात्रों ने संसदीय प्रणाली में होने वाले समस्त गतिविधि को जाना। महाविद्यालय में आयोजित युवा संसद में कार्यक्रम की नोडल अधिकारी डॉ. दुर्गेश नंदिनी ने बताया कि इसके माध्यम से छात्रों ने संसदीय प्रणाली में होने वाले शपथ, शून्य काल, प्रश्न काल, ध्यानाकर्षण प्रस्ताव, विभिन्न ज्वलंत मुद्दों पर बहस, वोटिंग आदि विषयों पर खुलकर भाग लिया। युवा संसद मे पेपर लीक, अग्निपथ योजना, महिला सुरक्षा, खेलों से संबंधित, महगांई, वित्त मंत्रालय, सुरक्षा संबंधी, कानून व्यवस्था विषयों पर गंभीर चर्चा हुई। विपक्ष द्वारा सरकार इन मुद्दों पर लगातार घेरा गया। युवा संसद में मुख्य भूमिका में प्रोटेम स्पीकर शुभम सुयाल, प्रधानमंत्री गौरव रावत, नेता प्रतिपक्ष सिद्धार्थ सिंह रहे। शिक्षा मंत्री शिवानी गोदियाल, गृह मंत्री हरीश प्रसाद, रक्षा मंत्री अंकित निराला, वित्त मंत्री सृष्टि, खेल मंत्री आशीष, महिला सशक्तिकरण, बाल विकास मंत्री डॉली सेमवाल ने सरकार का पक्ष मजबूती से रखा। जबकि विपक्ष की ओर से शिवानी कंडवाल, शिवानी भट्ट, देवेश, उम्मेद सिंह, अर्चना डिमरी, कमल जोशी, कुलदीप नेगी, दृष्टि, प्रियांशु, गिरीश जोशी, रुचि, मनीषा, मुकेश, हिमानी ने सरकार से प्रश्न पूछे। नेता प्रतिपक्ष सिद्धार्थ सिंह द्वारा सरकार को टोटल फेलियर बताया गया। युवा संसद के अंत में प्रधानमंत्री द्वारा सरकार का पक्ष रखा गया। इसके बाद सदन अनिश्चित काल के लिए स्थगित हुआ। समापन पर राष्ट्र गान हुआ। इस मौके पर प्राचार्य डा.जितेंद्र नेगी, उमेश चंद बंसल, प्रदीप कुमार, डा. लक्ष्मी नौटियाल, देवकृष्ण, राम सिंह, डा. अखिलेश सिंह, मुकेश गोदियाल, मगन भंडारी आदि मौजूद रहे।

## बाहरी युवक पर नाबालिग से छेड़छाड़ का आरोप

चमोली। नन्दानगर में बाहरी युवक के उपर नाबालिग से साथ छेड़छाड़ का मुकदमा दर्ज कराया गया है। विरोध में स्थानीय लोगों ने रविवार को सड़कों में उतर कर हंगामा कर आरोपी युवक को गिरफ्तार करने की मांग की। बताया जाता है कि आरोपी युवक क्षेत्र में नाई की दुकान संचालित करता है। घटना के बाद से वह फरार चल रहा है। रविवार को नन्दा नगर में स्थानीय जनता, मातृ शक्ति, व्यापारी और विभिन्न संगठनों से जुड़े लोगों ने बाहरी युवक द्वारा किए गए अपराध पर विरोध जताया और गिरफ्तारी की मांग की। क्षेत्र के एक व्यक्ति ने नन्दानगर थाने में बाहरी युवक पर अपनी नाबालिग पुत्री के साथ छेड़छाड़ करने का मुकदमा दर्ज कराया है। आरोप है कि काफी समय से आरोपी युवक नाबालिग को परेशान कर रहा था। लोकलाज के कारण परिजन काफी समय तक चुप रहे। आरोपी की बार बार की हरकतों को परेशान आकर उन्होंने मुकदमा दर्ज कराया। लोगों के विरोध को देखते हुए बड़ी संख्या में क्षेत्र में पुलिस बल तैनात किया गया है।

## रुद्रनाथ पैदल पथ के सांकेतिक बोर्ड हटाने का विरोध

चमोली। भगवान रुद्रनाथ धाम के लिए पैदल रास्ते को लेकर गंगोलगांव में नगर पालिका परिषद द्वारा लगाए गए रुद्रनाथ पैदल मार्ग के सांकेतिक बोर्ड को हटाने को लेकर विवाद हो गया है। गंगोलगांव की महिलाओं सहित गांव के ग्रामीणों ने बीते दिन बड़ी संख्या में सड़क पर उतर कर बोर्ड हटाने की कार्रवाई का विरोध जताया। ग्रामीणों के विरोध को देख कर गंगोलगांव पहुंची राजस्व विभाग व नगर पालिका की टीम को बैरंग वापस लौटना पड़ा। ग्रामीणों का कहना है कि गंगोलगांव से रुद्रनाथ के लिए पौराणिक चार फुट का पैदल मार्ग है अगर इस पर बोर्ड लग गया तो आपत्ति क्यों और किस आधार पर की जा रही है।

## शिक्षकों की चौक डाउन हड़ताल आज

पौड़ी। राजकीय शिक्षक संघ उत्तराखंड के आह्वान पर शिक्षकों की विभिन्न मांगों के निराकरण न होने पर चरणबद्ध हड़ताल सोमवार से शुरू होगी। शिक्षक 2 सितंबर को चौक डाउन हड़ताल करेंगे। राजकीय शिक्षक संघ पौडी के जिलामंत्री बिजेंद्र रावत ने बताया कि प्रधानाचार्य सीधी भर्ती के विरोध में यह कदम उठाया गया है। आरोप लगाया कि सरकार व विभाग शिक्षकों की मांगों पर गंभीर नहीं हैं । सरकार प्रधानाचार्य के पदों पर सीधी भर्ती करने जा रही हैं, जिससे 90 फीसदी शिक्षकों के साथ अन्याय होगा । केवल 10 फ़ीसदी शिक्षक ही इस परीक्षा के लिए पात्र हैं। निर्णय लिया गया कि शिक्षक 5 सितंबर को शिक्षक दिवस भी नहीं मनाएंगे। 6 सितंबर को जिले के सभी शिक्षक मुख्य शिक्षा अधिकारी कार्यालय में एक दिवसीय धरना देंगे। इसके लिए जनपद कार्यकारणी द्वारा जिला अधिकारी, पुलिस अधीक्षक व मुख्य शिक्षा अधिकारी को पत्र दिया गया हैं । बताया कि मांग पूरी नहीं होने पर 14 सितंबर से जनपद कार्यकारणी व प्रांतीय कार्यकारणी निदेशालय माध्यमिक शिक्षा में आमरण अनशन शुरू करेगी।

## नुक्कड़ नाटक से दी पर्यावरण संरक्षण की जानकारी

चमोली। लोक जागृति विकास संस्था ने सूचना एवं लोक संपर्क निदेशालय देहरादून के सहयोग से नगर सहित ग्रामीण क्षेत्रों में नुक्कड़ नाटक, गीत व सांस्कृतिक कार्यक्रमों के माध्यम से सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी। इस दौरान संस्था के ग्रुप लीडर जितेंद्र कुमार, सुरेंद्र कमांडर, सुरेश, अंकित, विनोद आदि कलाकारों की ओर से मझखोला, सिदोली, देवल में स्वास्थ्य व बीमा योजना, प्रधानमंत्री आवास, स्वरोजगार, पर्यटन, जल एवं पर्यावरण संरक्षण, महिला स्वयं सहायता समूह, प्रधानमंत्री व मुख्यमंत्री महालक्ष्मी योजना आदि योजनाओं के बारे में बताया गया।

## संक्षिप्त खबरें

### पौड़ी में छात्र-छात्राओं ने ली हिमालय बचाओ की शपथ

पौड़ी। हिमालय बचाओ अभियान के तहत पौड़ी में रविवार को विभिन्न आवासीय स्कूलों के छात्र-छात्राओं और शिक्षकों ने हिमालय प्रतिज्ञा ली। रविवार को राठ महाविद्यालय पैठाणी में प्राचार्य डॉ. जीतेंद्र नेगी ने 200 से अधिक छात्र-छात्राओं और युवा संसद में मौजूद अन्य लोगों को हिमालय प्रतिज्ञा करवाई। डॉ नेगी ने कहा कि हिमालय हमारे पर्यावरण का आधार है, मानवीय हस्तक्षेप के कारण कई बार प्रकृति से छेड़छाड़ बहुत अधिक ठीक नहीं है। वहीं हंस उत्तराखंड धर्मशाला पौड़ी मे प्रबंधक कोमल ने सत्संग के दौरान 30 से अधिक लोगों को हिमालय प्रतिज्ञा करवाई। इस मौके पर इंद्रमोहन चमोली, सीता, सुशीला, वीर सिंह कंडारी, चंदा देवी आदि भी मौजूद रहे। एकेश्वर के संस्कृत विद्यालय भुवनेश्वरी सिद्धपीठ चैधार रीठाखाल, पाबौ के श्री हरि अगस्तेश्वर संस्कृत विद्यालय ओडली, राजीव गांधी नवोदय विद्यालय संतुधार में भी छात्र-छात्राओं ने हिमालय बचाओ की शपथ ली। कोट ब्लाक के संस्कृत स्कूल बिग्रेडियर विद्याधर जुयाल भुवनेश्वरी स्कूल में प्रधानाचार्य अनुसुया प्रसाद सुंदरियाल ने 120 छात्राओं और शिक्षकों को हिमालय प्रतिज्ञा करवाई। साथ ही हिमालय के महत्व के बारे में भी विस्तार से बताया। आचार्य नवीन मंमगाई ने कहा कि हिमालय हमारी धरोहर है और इसीलिए इसे भारत का मुकुट भी कहा जाता है। अनूप कुकरेती ने कहा कि कुमारसंभव काव्य में हिमालय की हर एक विशेषता का वर्णन मिलता है। इस मौके पर कमलदीप, नीरज, आशीष, ईशान डोभाल आदि भी मौजूद रहे।

### पौड़ी में मूल निवास, भू-कानून को लेकर धरना

पौड़ी। मूल निवास, भू कानून समन्वय समिति की रैली को समर्थन देते हुए रविवार को पौड़ी में हेमवती नंदन बहुगुणा मूर्ति स्थल पर विभिन्न संगठनों ने धरना दिया। इस दौरान विभिन्न संगठनों ने सरकार से मूल निवास, भू कानून व स्थाई राजधानी गैरसैंण घोषित करने की मांग उठाई। रविवार को पौड़ी में नागरिक कल्याण एवं जागरूक विकास समिति, कांग्रेस, व्यापार सभा आदि संगठनों ने प्रदेश में मूल निवास, भू कानून लागू करने और गैरसैंण को स्थाई राजधानी घोषित करने की मांग को लेकर धरना दिया। इस दौरान विभिन्न संगठनों के लोगों ने कहा कि पिछले लंबे समय से प्रदेश में मूल निवास, भू कानून को लागू करने व गैरसैंण को स्थाई राजधानी घोषित किए जाने की मांग की जा रही है। कहा कि मूल निवास लागू नहीं होने से बाहरी लोग राज्य में अवैध कब्जा कर रहे है। सशक्त भू कानून नहीं होने से भूमाफिया प्रदेश में अपना डेरा जमा रहे है। कहा कि मूल निवास, भू कानून समन्वय समिति की रैली को समर्थन देते हुए धरना दिया गया है। जल्द ही मांग पूरी नहीं होने पर प्रदेशभर में उग्र आंदोलन किया जाएगा। धरने में नागरिक कल्याण एवं जागरूक विकास समिति के अध्यक्ष रघुवीर सिंह रावत, सचिव गबर सिंह नेगी, कांग्रेस जिलाध्यक्ष विनोद नेगी, व्यापार सभा के सचिव देवेंद्र सिंह रावत, कोषाध्यक्ष दिलबर सिंह भंडारी, अनीता रावत, गिरीश बड़थ्वाल, योगेंद्र कुमार, राहत हुसैन, बिमल नेगी, आदि शामिल रहे।

# हिमालय बचाने को रविवार को टिहरी में सैंकड़ों ने ली शपथ

नई टिहरी। जिला मुख्यालय पर हिमालय बचाओ अभियान के तहत रविवार को निरंकारी मिशन के लोगों में खासा उत्साह दिखा। मिशन के लोगों ने हिमालय बचाने की प्रतिज्ञा लेते हुए कहा कि पर्यावरण संरक्षण बेहद जरूरी है। इसके लिए हम प्रतिज्ञा लेकर आहवान करते हैं कि हिमालय बचाने को पर्यावरण संरक्षण की ओर नियमित काम करेंगे। देवप्रयाग के श्री रघुनाथ कीर्ति परिसर में छात्रों ने पूरी तन्यमता से हिमालय प्रतिज्ञा ली। रविवार को हर वर्ष की भांति हिमालय बचाओ अभियान की शुरूआत की गई। जिसके तहत हिमालय बचाने की प्रतिज्ञा का दौर शुरू हुआ। जिला मुख्यालय नई टिहरी में निरंकारी मिशन के लगभग तीन सौ लोगों ने हिमालय बचाने की प्रतिज्ञा लेते हुए हिमालय के हित में खड़े होने का संकल्प लिया। कहा कि पर्यावरण के बिना मानव जीवन जीना संभव नहीं है। इसके लिए हिमालय बचाने को आगे आना ही होगा, नहीं तो भविष्य में जीवन मुश्किल हो जाएगा। निरंकारी मिशन के जिला संयोजक सबल चौहान व मनोहर कुड़ियाल ने शपथ दिलाते हुए आहवान किया कि हर व्यक्ति हिमालय के हित में कदम उठाये। कोई भी ऐसा काम न करें। जिससे हिमालय को नुकसान हो।

## नागरिक मंच बोला नई टिहरी में बने मेडिकल कालेज

नई टिहरी। नागरिक मंच की बैठक रविवार को अध्यक्ष सुंदर लाल उनियाल की मौजूदगी में सम्पन्न हुई। बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि मेडिकल कालेज नई टिहरी में ही बनाया जाय। कॉलेज फैकल्टी व छात्रों के लिए आवास टीएचडीसी की अधिगृहित डिबनू की भूमि पर बनायें। मेडिकल कालेज को लेकर मंच का शिष्ट मंडल विधायक टिहरी से भी मुलाकात करेगा। मिलन केंद्र बौराड़ी में आयोजित बैठक में मांग करते हुए कहा गया कि डुंगीधार में लगाये पंप को अविलम्ब चालू कर नई टिहरी के पेयजल व्यवस्था को ठीक किया जाय। जिला चिकित्सालय के सभी रिक्त विशेषज्ञ डाक्टरों के पदों को भरा जाय। नई टिहरी शहर को घुत्तू परियोजना तैयार कर ग्रेविटी का पेयजल दिया जाय। हनुमंत राव कमेटी की संस्तुति के आधार पर बांध प्रभावितों को रियायती दरों पर बिजली दी जाय। नई टिहरी बस अड्डे पर रोडवेज डिपो खोलकर परिवहन सेवाओं को सुधारने का काम किया जाय। नागरिक मंच ने कहा कि मेडिकल खोलने के विरोध का वह खंडन करते हैं और नई टिहरी में मेडिकल कॉलेज खोलने की मांग करते हैं।

# संपादकीय

## दिव्यांग बेटियों का 'अभूतपूर्व कारनामा'

इस बार देश की दिव्यांग बेटियों ने भी चैम्पियन और पदकवीर बनकर भारत को गौरवान्वित किया है। अजीब संयोग है कि ओलंपिक में मनु भाकर ने पदक जीत कर भारत का खाता खोला था और पैरालंपिक में भी अवनि लेखरा ने स्वर्ण पदक जीत कर इस सिलसिले को स्वर्णिम बना दिया। दोनों ही खिलाड़ी निशानेबाज हैं। पैरालंपिक में दिव्यांग बेटियों का शारीरिक आधा-अधूरापन, उनकी असहायता, असमर्थता और अपाहिज होने की स्थिति भी उनके खेल-हुनर को बांध नहीं सकीं और पेरिस पैरालंपिक में भी बेटियां पदकवीर बनीं। राजस्थान की अवनि लेखरा ने तो इतिहास ही रच दिया, जब टोक्यो के बाद पेरिस पैरालंपिक में भी उन्होंने निशानेबाजी का स्वर्ण पदक हासिल किया। अभी तो प्रतियोगिताएं शेष हैं। इस बार अवनि का लक्ष्य है कि 'गोल्डन हैट्रिक' जीत कर ही वह घर लौटेंगी। उन्होंने अपने पापा से यह वायदा किया है। यह असाध्य भी नहीं है, क्योंकि टोक्यो पैरालंपिक में अवनि ने दो स्वर्ण पदक समेत तीन पदक जीते थे। यदि वह अपने लक्ष्य में कामयाब हो जाती हैं, तो भारत और एशिया की प्रथम दिव्यांग महिला निशानेबाज होंगी। निशानेबाजी में ही, राजस्थान की ही, मोना अग्रवाल ने कांस्य पदक जीत कर एक और मील-पत्थर स्थापित किया है। आज मोना 37 वर्षीय और दो बच्चों की मां हैं, लेकिन उन्हें वह लम्हा आज भी याद है, जब उन्होंने घर छोड़ा था, क्योंकि उन पर शादी का दबाव बनाया जा रहा था। मोना को 2016 से पहले तक यह भी नहीं पता था कि पैरालंपिक खेल भी होते हैं। निशानेबाजी में मात्र 3 साल के अनुभव ने ही उन्हें पैरालंपिक पदकवीर बना दिया। कभी कल्पना की जा सकती थी कि दिव्यांग, धावक बेटी 100 मीटर की दौड़ में हिस्सा लेगी और पैरालंपिक में कांस्य पदक विजेता बनेगी? कमोबेश हमने तो ऐसी कल्पना नहीं की थी, लेकिन मेरठ की प्रीति पाल ने यह लक्ष्य हासिल कर 'अभूतपूर्व कारनामा' करके दिखा दिया। पिता ने दूध बेचकर और अपना सर्वस्व दांव पर लगाकर दिव्यांग बेटी को पैरालंपिक पदकवीर बनाकर तमाम विरोधाभासों को खारिज कर दिया। निशानेबाजी में ही रुबीना फ्रांसिस के खेल को विस्मृत नहीं कर सकते। उन्होंने भी कांस्य पदक हासिल किया। इन बेटियों को सलाम! शाबाश! सोचिए, किसी दुर्घटना में बेटी अपाहिज हो गई। किसी को प्रकृति ने ही विकलांग जन्म दिया। किसी को बीमारी ने आधा-अधूरा कर दिया। किसी का निचला हिस्सा बिलकुल निष्क्रिय है, किसी की टांगें नहीं रहीं, किसी की एक बाजू और पांव टेढ़ा है, किसी को कृत्रिम अंग लगवाने पड़े हैं। कितनी तकलीफ, कितनी यंत्रणा और कितने तनाव से गुजरी होंगी ये खिलाड़ी बेटियां! उसके बावजूद ये सफलताएं अंतरराष्ट्रीय प्रतिद्वंद्वियों को पराजित कर हासिल की हैं। वाह! देश की चैम्पियन बेटियो! यहां हमें जम्मू-कश्मीर की 17-18 वर्षीय शीतल देवी की याद आती है, जो मुंह और पांव की अंगुलियों से प्रत्यंचा खींच कर तीरंदाजी करती हैं! ऐसा करते हुए उन्होंने 703 का स्कोर बनाया था और 698 के पिछले विश्व रिकॉर्ड को तोड़ा था। यह दीगर है कि खेल के दौरान ही उनका विश्व रिकॉर्ड एक अंक से टूट गया। बेशक शीतल पदकवीर नहीं बन पाईं और एक अंक से पिछड़ गईं, लेकिन उनकी सटीक तीरंदाजी को देख कर लगता है मानो उनके भीतर कोई दैवीय शक्ति विराजमान हो! ये सभी बेटियां पदकवीर खिलाड़ी तो बन चुकी हैं, लेकिन जिंदा इतिहास भी हैं। इतिहास की शिलालेख भी हैं। इन खिलाडियों ने अनथक परिश्रम किया है, संघर्षों से गुजरी हैं, आर्थिक स्थितियां भी अच्छी नहीं थीं, फिर भी भारत का 'तिरंगा' लहराया है और पैरालंपिक के दौरान 'जन गन...' भी गूंजा है। ये कम उपलब्धियां नहीं हैं। बेशक सरकार इन खिलाडियों को आर्थिक मदद दे रही है। अंतरराष्ट्रीय स्तर पर प्रशिक्षण दिलाए हैं, फिर भी प्रतिभा तो खिलाडियों की है, जो नए प्रतिमान स्थापित कर रही है। अब भी भारत पैरालंपिक में 20वें स्थान पर है।

दैनिक न्यूज़ वायरस
संपादक: मौ.सलीम सैफी न्यूज वायरस नेटवर्क प्रा. लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक मौ.सलीम सैफी द्वारा विश्वनाथ प्रिंटर्स, अजबपुर कलां, देहरादून से मुद्रित एवं न्यूज़ वायरस नेटवर्क प्रा. लिमिटेड, 48/3 बलबीर रोड, डालनवाला, देहरादून से प्रकाशित। फ़ोन: 0135-4066790, 2672002
RNI No.: UTTHIN/2012/44094 Cert. Ser. No.: 31406 E-mail: dainiknewsvirus@gmail.com
Website: www.newsvirusnetwork.com YouTube: TV News Virus
न्याय क्षेत्राधिकार: जनपद देहरादून (उत्तराखंड), भारत

# सौर ऊर्जा की सब्सिडी दर और क्षमता बढाए सरकार

नई टिहरी। सौर ऊर्जा उत्पादक एवं बहुउद्देशीय समिति के सदस्यों ने लंबित समस्याओं के निराकरण की मांग की। उन्होंने नए दरें देने, सब्सिडी बढ़ाने से लेकर सोलर प्लांटो की क्षमता वृद्धि करने की मांग की। साथ ही अधिकारियों से नियमित प्लांटो का निरीक्षण करने को कहा। जाखणीधार ब्लॉक के पिपलडाली में जयवीर सिंह रावत की अध्यक्षता में आयोजित सौर ऊर्जा प्लांट स्वयं की बैठक में समस्याओं के निराकरण चर्चा की गई।

कहा कि वर्तमान में भी कई प्लांट संचालकों को दिक्कत उठानें पड़ रही है। लेकिन शासन-प्रशासन उनकी दिक्कतों को दूर नहीं कर रहा है। कहा कि पूर्व में उन्होंने मुख्यमंत्री सौ स्वरोजगार योजना के तहत प्लांट लाए थे। लेकिन इस दौरान उन्हें उतनी सुविधाएं नहीं मिलती थी। पूर्व में सब्सिडी 20 प्रतिशत थी, जो बढ़कर अब 40 से 45 फीसदी हो चुकी है। जबकि प्रति यूनिट दर भी 439 पैसे थे, जो, वर्तमान में 464 पैसे हो गए है। उन्होंने वर्तमान दर के हिस्साब से प्रति यूनिट उन्हें देने, सब्सिडी भी बढ़ाने और सोलर प्लांटों के क्षमता में भी वृद्धि करने की मांग की। इस मौके पर पशुपति पेटवाल, हिम्मत रावत, धूम सिंह रांगड़, जसवीर नेगी, कुंदन बिष्ट,विक्रम उनाल, यशवंत नेगी, रामस्वरूप जोशी,बिरेंद्र पंवार, अनिल गैरोला, बुद्धि लाल, मनोज पैन्यूली,बलवीर सिंहि, दीपक कोठारी,जयपाल भंडारी आदि मौजूद थे

# सदस्यता अभियान को लेकर हुई भाजपा की संयुक्त मोर्चो की जिला स्तरीय कार्यशाला

नई टिहरी। सदस्यता अभियान को लेकर आयोजित भाजपा की संयुक्त मोर्चो की जिला स्तरीय कार्यशाला में रविवार को दो सितंबर से 31 अक्तूबर तक चलाने वाले कार्यक्रम की जानकारी दी गई। कहा कि सदस्यता अभियान को व्यापक स्तर पर सफल बनाने के लिए हर कार्यकर्ता की भूमिका महत्वपूर्ण है। कहा जिले में करीब एक लाख लोगों को पार्टी का सदस्य बनाया जाएगा। रविवार को बौराड़ी में आयोजित महिला, अनुसूचित जाति, भाजयुमो, किसान, ओबीसी, अल्पसंख्यक मोर्चो की संयुक्त कार्यशाला का प्रदेश उपाध्यक्ष पर सदस्यता अभियान के संयोजक कुलदीप कुमार ने दीप प्रज्वलित कर शुभारंभ किया। कहा कि भाजपा विश्व की सबसे बड़ी पार्टी है। लेकिन इस बार के सदस्यता अभियान में और अधिक लोगों को पार्टी से जोड़कर अपने पिछले रिकॉर्ड को तोड़ने का काम करें। कहा कि 2024 के लोकसभा चुनाव में पार्टी को पड़े कुल मत के 75 प्रतिशत लोगों को सदस्य बनाया जाएगा। साथ ही प्रत्येक बूथ पर न्यूनतम 200 लोगों को सदस्य बनाने का लक्ष्य निर्धारित किया है। कहा कि लक्ष्य को हासिल करने के लिए हर कार्यकर्ता बूथ और घर-घर जाकर काम करें। कहा कि मिस कॉल, क्यूआर कोड, नमो एप्प से से लेकर ऑफलाइन के माध्यम से सदस्य बनाएं जा सकते हैं।

## वार्डो के परिसीमन पर चार तक दर्ज कराएं आपत्तियां

नई टिहरी। डीएम मयूर दीक्षित ने 27 से 30 अगस्त तक ग्राम पंचायतें और उनके प्रादेशिक निर्वाचन क्षेत्रों के पुनर्गठन प्रस्तावों पर 31 अगस्त को अनंतिम प्रकाशन किया है। जिले में 16 ग्राम पंचायत नई बनी है। जिनमें वार्डों का परिसीमन किया गया है। इन ग्राम पंचायतों में 104 नए वार्ड बनाए गए हैं। वर्ष 2011 की जनसंख्या के आधार पर किए गए पुनर्गठन/परिसीमन में अधिकांश विसंगतियों के निराकरण के लिए पंचायती राज की विभिन्न नियमावली के तहत किया गया है। जिले में पुनर्गठन के बाद ग्राम पंचायतों की संख्या 1033 से बढ़कर 1049 हो गई है। जिनमें कुल 7469 वार्ड बनाए गए है। डीएम के निर्देश पर पंचायत राज विभाग ने वार्डों का परिसीमन किया है। डीपीआरओ एमएम खान ने बताया कि बनाए गए वार्डों पर सोमवार से 4 सितंबर तक आपत्तियां मांगी गई है।

# संक्षिप्त खबरें

## रेडक्रॉस सोसाइटी अल्मोड़ा ने की मदद

अल्मोड़ा। रेडक्रॉस सोसाइटी के तत्वाधान में दुगालखोला में कच्चे घरों की सुरक्षा के लिए कम्बल, तिरपाल व किचन सैट वितरित किए गए। इस अवसर पर रेडक्रॉस सोसाइटी स्वास्थ्य समिति के अध्यक्ष डॉ जे सी दुर्गापाल ने रेडक्रॉस समिति के बारे में जानकारी प्रदान की। समिति के अध्यक्ष मनोज सनवाल ने कहा कि आपदाग्रस्त लोगों की मदद करना रेडक्रॉस का उद्देश्य है। जिन लोगों के घर चू रहे हैं उनकी रेडक्रॉस द्वारा मदद की जाती है। कार्यक्रम रेडक्रॉस सोसायटी के अध्यक्ष मनोज सनवाल तथा रेडक्रॉस स्वास्थ्य समिति के अध्यक्ष डॉ जे सी दुर्गापाल, महिला कल्याण संस्था अध्यक्ष रीता दुर्गापाल तथा संजू दुर्गापाल के संयुक्त संयोजन में हुआ। कार्यक्रम ने रेडक्रॉस के कोषाध्यक्ष आशीष वर्मा, दीवान सिंह, चन्द्रमणी भट्ट, हरीश कनवाल, भगवान दुर्गापाल, घनश्याम गुरूरानी, कमलेश तिवारी, नितिन गुरूरानी आदि मौजूद रहे।

## अल्मोड़ा स्टेडियम में हुए कार्यो की जांच की खेल मंत्री से की मांग

अल्मोड़ा। नगर के हेमवती नंदन बहुगुणा स्टेडियम में सुधारीकरण कार्यों के दौरान अनियमितता का आरोप लगाते हुए खेलप्रेमियों ने खेल मंत्री रेखा आर्या को ज्ञापन सौंपकर जाँच की माँग की है। ज्ञापन के माध्यम से कहा है कि उत्तराखंड सरकार और खेल मंत्री द्वारा अल्मोड़ा स्टेडियम के लिए 4.29 करोड़ का बजट आवंटित कर इसे विकसित करने हेतु दिया, लेकिन स्टेडियम में हुए कार्यों से ऐसा लगता है कि इस बजट का सदुपयोग नहीं हुआ है। खेल मैदान में लगी घास, मैदान के समतलीकरण को देखते हुए लग रहा है कि इसमें भारी अनियमितता हुई है। 23 जुलाई को उद्घाटन होने के बाद केवल एक महीने में इसकी दीवारों का रंग निकलने लगा है, दर्शक दीर्घा निर्माण में भी गड़बड़ी दिख रही है, वहीं क्रिकेट के लिए बनी पिच भी अनियमितता का शिकार हुई है। ज्ञापन में कहा गया है कि पैसों की बंदरबाट हुई है, जिससे स्थानीय खिलाड़ियों व खेल प्रेमियों में भारी रोष है। ज्ञापन के माध्यम से खेल मंत्री से प्रकरण का संज्ञान लेते हुए उचित कार्यवाही करने की मांग की है। ज्ञापन देने वालों में विनीत बिष्ट, भैरव गोस्वामी, अशोक गोस्वामी, मुकेश लटवाल, पंकज बिष्ट, निखिलेश बिष्ट, चंदन लटवाल, रोहित साह, विजय चौहान, यश साह आदि उपस्थित रहे।

## थल में यूपीसीएल अस्थायी कर्मचारी संघ ने प्रदर्शन किया

पिथौरागढ़। यूपीसीएल के अस्थायी कर्मचारी संघ ने शासन-प्रशासन पर उपेक्षा का आरोप लगाया है। रविवार को संघ से जुड़े कर्मचारियों ने थल में प्रदर्शन किया। कहा कि महंगाई के इस दौर में अल्प मानदेय परिवार का भरण-पोषण करना मुश्किल हो गया है। एक होटल में राजेश सिंह की अध्यक्षता में अस्थायी कर्मचारी संघ की बैठक हुई। बैठक में थल के साथ ही डीडीहाट, मुनस्यारी, बुंगाछीना, कनालीछीना, बेरीनाग, गणाई गंगोली, अस्कोट, मदकोट से कर्मी पहुंचे। इस मौके पर कार्मिकों ने मांगों को लेकर प्रदर्शन भी किया। वक्ताओं ने कहा कि कर्मचारी 10 से 20 वर्षों से अस्थाई तौर पर अपनी सेवा दे रहे हैं, लेकिन उन्हें नियमित नहीं किया जा रहा है। सालों सेवाएं देने के बावजूद उन्हें उचित मानदेय नहीं दिया जा रहा है। कर्मचारी छह से दस हजार रुपये मासिक मानदेय पर कार्य कर रहे हैं। उन्होंने सरकार से विभागीय मानकों के अनुसार वेतन देने की मांग की। कहा कि अगर उनकी मांग को लेकर कोई सकारात्मक कदम नहीं उठाया गया, तो कर्मचारी उग्र आंदोलन करने को बाध्य होंगे। बैठक में हरीश कन्याल, मनोज पाठक, नरेश कुमार, गणेश जोशी, सुंदर भंडारी, प्रमोद महरा, प्रकाश बिष्ट, सतीश पंत, ईश्वर कोश्यारी, खिलपति पांडे, कुंदन सिंह, ललित सिंह, बलदेव जोशी, कमल जोशी, कंचन अवस्थी, अशोक कुंवर, महिपाल सिंह, खष्टी बल्लभ, शंकर राम आदि कर्मी मौजूद रहे।

## गंगोलीहाट के पुनौली गांव में आठूं संपन्न

पिथौरागढ़। नगर पालिका के वार्ड-1 पुनौली गांव में आठूं पर्व का समापन हुआ। रविवार की सुबह ग्रामीण अपनी कुलदेवी मां महाकाली के मंदिर पहुंचे। मां की पूजा-अर्चना कर क्षेत्र की सुख समृद्धि की कामना की। इसके बाद हरसैम मंदिर में विधि-विधान के साथ पूजा की गई। इधर गांव के आठूं के आंगन में महिलाओं व पुरुषों ने सामूहिक रूप से झोड़ा चांचरी, रामायण और महाभारत का आठूं के माध्यम से गाकर वर्णन किया। इस दौरान महिलाओं ने जगत जननी मां महाकाली के भजन गाए। पुरुषों ने भी मां के जयकारे लगाए। इस मौके पर मां महाकाली ने अवतरित होकर हजारों की संख्या में उपस्थित भक्तों को आशीर्वाद दिया। महंत में प्रकाश राम, रमेश राम, हुड़के में राजू राम, कमल राम, ढोलक में बब्लू, सौरभ कुमार सहित अन्य कलाकारों ने संगत दी। समापन अवसर पर आठूं के अध्यक्ष हरीश राम व उपाध्यक्ष शंकर राम ने ग्रामीणों को प्रसाद वितरित किया। उन्होंने पर्व को सफल बनाने के लिए सभी ग्रामीणों का आभार व्यक्त किया।

## कमर्शियल सिलेंडर 39 रुपये महंगा

पिथौरागढ़। सीमांत में कामर्शियल सिलेंडर के लिए भी उपभोक्ताओं को अब अधिक जेब ढीली करनी होगी। हालांकि घरेलू सिलेंडर के मूल्य में कोई बदलाव न होने से उपभोक्ताओं को राहत है। रविवार को गैस प्रबंधक मंजू बिष्ट ने बताया कि जारी नए रेट के बाद कामर्शियल सिलेंडर 39 रुपये महंगा हो गया है। 19 किलो कामर्शियल सिलेंडर का मूल्य बीते माह तक 1767 था, जो अब बढ़कर 1806 हो गया है।

## नेपाल सीमा पर नशे पर अंकुश लगाए पुलिस

पिथौरागढ़। नगर में पुलिस ने रविवार को व्यापारियों व अन्य सामाजिक संगठनों के साथ बैठक की। थानाध्यक्ष आरती की अध्यक्षता में आयोजित बैठक के दौरान विभिन्न मुद्दों पर चर्चा हुई। व्यापार संघ अध्यक्ष दीपक इजरवाल ने नेपाल सीमा पर नशे के बढ़ते कारोबार पर चिंता जताते हुए कहा कि युवा पीढ़ी नशे की गिरफ्त में आकर अपना जीवन बर्बाद कर रहे हैं। उन्होंने पुलिस से नशे पर अंकुश लगाने की मांग की है। थानाध्यक्ष ने कहा कि नशा रोकथाम को पुलिस प्रयासरत है। नशा का कारोबार करने वालों के खिलाफ कार्रवाई के साथ नशे को लेकर जागरूकता अभियान भी चलाए जा रहे हैं। यहां गणेश भट्ट, प्रकाश डिक्टिया, परमानंद गिरी, धर्मानंद नरियाल, धर्मानंद पंत, प्रकाश सिंह, गिरीश पंत आदि मौजूद रहे।

## वनराजियों की समस्याओं के निस्तारण को आज से लगेंगे शिविर

पिथौरागढ़। धारचूला, कनालीछीना, डीडीहाट क्षेत्र में शिविर लगाकर वनराजियों की समस्याओं का समाधान किया जाएगा। रविवार को जिला समाज कल्याण अधिकारी दिलीप कुमार ने बताया कि सोमवार को वनराजी भवन जौलजीवी में शिविर लगाया जाएगा। शिविर में तोली, दूतीबगड़ ,किमखोला ग्राम पंचायत के लोगों की समस्याओं का समाधान किया जाएगा। तीन को जूहा जमतड़ी व चार सितंबर को प्राथमिक पाठशाला भागीचौरा में शिविर का आयोजन होगा। वहीं, पांच सितंबर को डीडीहाट के देवीचौना में प्रस्तावित शिविर में किसान सम्मान निधि, किसान क्रेडिट कार्ड, प्रधानमंत्री जन धनखाते, जाति प्रमाणपत्र, स्थाई, आधार कार्ड, राशन कार्ड, आयुष्मान भारत सहित अन्य योजनाओं से वनराजी परिवारों को लाभान्वित किया जाएगा।

# स्वास्थ्य महानिदेशालय परिसर में 'हेल्थ थीम पार्क' का हुआ अनावरण



न्यूज़ वायरस नेटवर्क

देहरादून , 2 सितंबर , राष्ट्रीय पोषण माह 1-30 सितम्बर 2024 के अवसर पर राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन उत्तराखण्ड द्वारा स्वास्थ्य महानिदेशालय परिसर में एक महत्वपूर्ण पहल के अंतर्गत ₹हेल्थ थीम पार्क₹ का अनावरण किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रुप में थीम पार्क का अनावरण कुपोषण से सामान्य श्रेणी तक का सफर तय करने वाले बच्चों द्वारा किया गया। हेल्थ थीम पार्क का उद्देश्य आम जनमानस को स्वास्थ्य से जुड़े विभिन्न विषयों, राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के कार्यक्रमों, योजनाओं आदि से निरंतर अवगत कराना है। थीम पार्क में योग के माध्यम से स्वस्थ जीवनशैली, संपूर्ण टीकाकरण, मातृ व शिशु स्वास्थ्य, स्वास्थ्य कर्मचारियों की भूमिका और मोटे अनाज आदि विषयों को प्रदर्शित किया गया है। इस पार्क में विभिन्न फाइबर युक्त खाद्य पदार्थों के प्रतीकात्मक मूर्तियों को प्रदर्शित किया गया है, जिससे लोग पोषण संबंधी जानकारी प्राप्त कर सकें।

कार्यक्रम के दौरान स्वाति एस. भदौरिया, मिशन निदेशक, एन.एच.एम. ने अपने संबोधन में कहा, ₹यह पार्क न केवल एक कलात्मक प्रस्तुति है, बल्कि यह लोगों को स्वस्थ जीवनशैली एवं पोषण के महत्व को समझाने का एक माध्यम भी है। यह एक जागरुकता का ऐसा माध्यम है जो निरंतर और लंबे अंतराल में स्थापित रहेगा साथ ही इसके संदेश समुदाय को प्रभावित करेंगे। उन्होंने कहा कि, हमारे लिए गर्व एवं उल्लास का विषय है कि थीम पार्क का अनावरण उन छोटे बच्चों द्वारा किया गया जो कि प्रेरणास्रोत हैं जिन्होंने कुपोषण की श्रेणी से सामान्य श्रेणी तक का सफर तय किया है। यह बच्चे हमारे लिए रोल मॉडल हैं, इनके कर कमलों से थीम पार्क का अनावरण करा कर हमने यही संदेश देने का प्रयास किया है।

मिशन निदेशक द्वारा अवगत कराया गया कि प्रदेश भर में सभी हितधारकों के साथ मिलकर राष्ट्रीय पोषण माह 1 सितम्बर 2024 से 30 सितम्बर 2024 तक मनाया जाएगा। इस साल पोषण माह की थीम ₹सुपोषित भारत, साक्षर भारत, सशक्त भारत₹ है। इस अवसर पर बच्चों और महिलाओं की पोषण स्थिति को बेहतर बनाने के अपने प्रयासों को मजबूत करने के लिए जन्म के बाद एक घंटे के भीतर स्तनपान की शुरुआत, पहले छह महीने तक केवल स्तनपान, उम्र के हिसाब से पूरक आहार की आदतें और एनीमिया की रोकथाम-प्रबंधन के बारे में जागरूकता पैदा करने हेतु प्रदेश भर में अभियान संचालित किए जाएंगे।

डॉ. तारा आर्या, स्वास्थ्य महानिदेशक ने भी इस अवसर पर अपने विचार साझा किए और कहा कि राष्ट्रीय पोषण माह का उद्देश्य लोगों में पोषण संबंधी जागरूकता को बढ़ाना है। उन्होंने इस थीम पार्क की सराहना की और इसे एक अनूठी पहल बताया, जो लोगों को स्वास्थ्य से संबंधित विषयों के बारे में जानकारी प्रदान करने में सहायक रहेगा।कार्यक्रम में डॉ मनु जैन निदेशक एनएचएम, डॉ तृप्ति बहुगुणा सलाहकार एसएचएसआरसी सहित राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन, स्वास्थ्य महानिदेशालय के अधिकारी और कर्मचारियों ने भी भाग लिया। थीम पार्क में प्रदर्शित फाइबर स्कल्पचर्स को देखने के लिए लोगों में उत्साह देखा गया।



## नवोदय विद्यालय में छात्राओं को बेहतर सुविधाएं दे

चमोली। जवाहर नवोदय विद्यालय पीपलकोटी की विद्यालय प्रबंधन और सलाहकार समिति की बैठक में प्रधानाचार्य ने मुख्य शिक्षा अधिकारी से जनपद के कक्षा 5वीं में पढ़ने वाले बच्चों को नवोदय विद्यालय की प्रवेश परीक्षा में शामिल कराने का अनुरोध किया है। शनिवार को समिति की बैठक जिलाधिकारी हिमांशु खुराना की अध्यक्षता में आयोजित हुई। जिलाधिकारी ने विद्यालय संचालन में आ रही समस्याओं का निराकरण करते हुए छात्र-छात्राओं को कैरियर काउंसलिंग के साथ बेहतर सुविधा उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। उन्होंने मुख्य चिकित्सा अधिकारी को निर्देशित किया कि प्रत्येक बुधवार को विद्यालय परिसर में कैंप लगाकर बच्चों की स्वास्थ्य जांच कराई जाय। प्रधानाचार्य कुंदल सिंह दिगारी ने विद्यालय की गतिविधियों की रिपोर्ट प्रस्तुत की। उन्होंने बताया कि वर्तमान में विद्यालय में 193 छात्र और 133 छात्राएं सहित कुल 326 विद्यार्थी अध्ययनरत है। विगत वर्ष में कक्षा 10 और कक्षा 12 का परीक्षा परिणाम शत प्रतिशत रहा। उन्होंने मुख्य शिक्षा अधिकारी से जनपद के कक्षा 5वीं में पढ़ने वाले बच्चों को नवोदय विद्यालय की प्रवेश परीक्षा में शामिल कराने का अनुरोध के साथ विद्यालय की विभिन्न समस्या और मांग जिलाधिकारी के समक्ष रखी। प्रबंधन समिति की बैठक में सीएमओ डॉ. राजकेश सिंह पांडेय, मुख्य शिक्षा अधिकारी धर्म सिंह, उप प्रधानाचार्य महेश भारद्वाज समेत अभिभावक अतुल शाह आदि मौजूद रहे।

## बदरीनाथ धाम में ली पुरोहितों-श्रद्धालुओं ने ली शपथ

चमोली। हिमालय बचाओ अभियान के तहत रविवार को बदरीनाथ धाम में हिमालय बचाओ प्रतिज्ञा ली गई। बदरीनाथ धाम के मुख्य पुजारी रावल अमरनाथ नम्बूदरी के सानिध्य में बदरीनाथ केदारनाथ मंदिर समिति के उपाध्यक्ष किशोर पंवार ने बदरीनाथ मंदिर के सिंहद्वार परिसर में हिमालय बचाओ प्रतिज्ञा कराई। अभियान की शानदार शुरुआत बदरीनाथ हिमालय से रविवार की सुबह हुई। हिमालय बचाओ प्रतिज्ञा के प्रतिज्ञा के प्रति सभी के उत्साह और अभिरुचि का अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि बदरीनाथ मंदिर के सिंहद्वार परिसर से लेकर दर्शन पथ और आस्था पथ तक खड़े श्रद्धालुओं ने बदरीनाथ हिमालय को साक्षी मानकर हिमालय बचाओ प्रतिज्ञा ली। समिति के मुख्य कार्याधिकारी विजय प्रसाद थपलियाल, समिति के उपाध्यक्ष किशोर पंवार ने कहा हिमालय के संरक्षण और संवर्धन के लिए ऐसा रचनात्मक अभियान और कार्य सराहनीय है। बदरीनाथ मंदिर सिंह द्वार परिसर में हिमालय बचाओ प्रतिज्ञा के अवसर पर बदरीनाथ मंदिर के धर्माधिकारी राधाकृष्ण थपलियाल, बदरीनाथ मंदिर अधिकारी राजेंद्र चौहान, प्रशासनिक अधिकारी विवेक थपलियाल, बदरीनाथ नगर पंचायत के अधिशासी अधिकारी सुनील पुरोहित, संतोष तिवारी, केदार रावत, अजय सती, अजीत भंडारी, अमित पंवार, दर्शन कोटवाल, रघुवीर पुंडीर, योगम्बर नेगी, हरीश जोशी, अजय रावत, बदरीनाथ के थानाध्यक्ष बदरीनाथ राजीव कुमार सहित तीर्थ पुरोहितों, बदरीनाथ के स्थानीय लोगों, व्यापारियों, भारत के विभिन्न क्षेत्रों से आये तीर्थयात्रियों, साधु संतों ने हिमालय बचाओ प्रतिज्ञा ली।

## गौचर में कांग्रेसियों का प्रदर्शन जारी

चमोली। गौचर में नगर क्षेत्र से लगे गावों की 16 सूत्री मांगों को लेकर नगर कांग्रेस कमेटी के नेतृत्व में प्रदर्शन सोलहवें दिन भी जारी रहा। रविवार को गैरसैण में भू कानून व मूल निवास रैली गौचर से भी कई आंदोलनकारी इस प्रदर्शन शामिल होने गए। साथ ही दूसरी ओर गौचर में भी आन्दोलनकारी अपने मांगों को लेकर डटे रहे। इस दौरान गौचर में आज क्रमिक धरना प्रदर्शन में जिला प्रवक्ता अर्जुन नेगी, नगर उपाध्यक्ष संतोष कोहली, जिला महामंत्री लीला रावत, नगर सचिव मंजू खत्री, मुन्नी बिष्ट, युवा कांग्रेस के नगर अध्यक्ष मनीष कोहली, एससी प्रकोष्ठ के नगर अध्यक्ष एमएल राज, नगर महामंत्री महाबीर नेगी, विजयराज, नरेंद्र नेगी, यशराज खत्री, भगत कंडारी, राजेंद्र सिंह, जीत सिंह, सुदामा सिंह, रणजीत सिंह, भरत नेगी, दिगपाल बिष्ट, दिनेश बिष्ट, नरेश केड़ियाल, बैसाखू लाल, पंकज नेगी, गजपाल सिंह, भूपेंद्र नेगी आदि मौजूद थे

## उदयमान खिलाड़ी में चयन होने पर खुशी जताई

चमोली। राजकीय प्राथमिक विद्यालय लंगासू से दो बच्चों दीप शिखर और श्रेयश चन्द्र का चयन मुख्यमंत्री उदयमान खिलाड़ी में होने पर क्षेत्र की जनता ने खुशी जताई है। इस अवसर पर विद्यालय प्रबंधन समिति अध्यक्ष अंजू देवी, पूर्व अध्यक्ष आशा देवी, गिरीश नगवाल, रोशनी देवी, यशवंत सिंह, सुदामा सहित सभी अभिभावकों ने स्कूल की प्रधानाध्यापिका शशि कंडवाल तथा सहायक अध्यापक अनसूया थपलियाल के प्रयासों की सराहना की।

## महिलाओं ने हिमालय बचाओ प्रतिज्ञा ली

चमोली। रविवार को प्रसिद्ध चिपको आन्दोलन की विचार भूमि गोपेश्वर में रविवार को महिलाओं ने हिमालय बचाओ प्रतिज्ञा ली। तीलू रौतेली पुरस्कार से सम्मानित मीना तिवारी और पर्यावरण संरक्षण अभियान में लगे सुधीर तिवारी ने हिमालय बचाओ अभियान के तहत हिमालय बचाओ प्रतिज्ञा कराई। इस अवसर परमां शारदा स्वयं सहायता समूह की शकुंतला देवी, सुलोचना देवी, गायत्री देवी, लीला देवी, उमा देवी, प्रियंशी, गुड्डी देवी, पूनम, महेश्वरी देवी, अनीता देवी, अशोक बिष्ट सहित बडी संख्या में ग्रामीणों ने हिमालय बचाओ प्रतिज्ञा की।

## राड्स संस्था ने नशे के खिलाफ चलाया अभियान

नई टिहरी। नशा मुक्त भारत अभियान के तहत नगर क्षेत्र के स्कूलों में सामाजिक कार्यकर्ता सुशील बहुगुणा ने अपनी संस्था राड्स की मदद से नगर के स्कूलों में शराब नहीं, संस्कार दो अभियान को शुरू किया है। स्कूली छात्रों से सुशील बहुगुणा ने अपील करते हुए कहा कि नशा जीवन को मुश्किल बनाता है। इसलिए संस्कारों को अपनाकर नशे को जीवन से दूर रखो। नई टिहरी नगर के जीआईसी ढुंगीधार, प्रताप इंटर कालेज बौराड़ी, बालिका इंटर कालेज बौराड़ी, कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय नई टिहरी व विद्या मंदिर इंटर कालेज नई टिहरी संस्था के स्वयंसेवी कार्यकर्ताओं ने पहुंचकर शराब नहीं, संस्कार दो मुहिम की जानकारी छात्रों स स्टाफ को देते हुए नशामुक्त भारत अभियान को सफल बनाने में सहयोग की अपील की।

## संक्षिप्त खबरें

### नाबालिग से छेड़छाड़ का आरोपी भाजपा मंडल अध्यक्ष गिरफ्तार

अल्मोड़ा। जिले में सल्ट के भाजपा मंडल अध्यक्ष भगवत सिंह बोरा को किशोरी से छेड़छाड़ के आरोप में देर रात पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। आरोपित को पुलिस ने सूपी तिराहे से गिरफ्तार किया है। स्थानीय लोगो में भी भारी विरोध के बीच पार्टी के संगठनात्मक जिले रानीखेत की अध्यक्ष लीला बिष्ट ने अपने अधिकारों का प्रयोग करते हुए बोरा को पार्टी से निष्कासित कर दिया है और लीला बिष्ट का कहना है कि मंडल अध्यक्ष पर लगे आरोप काफी गंभीर है इसलिए जब तक न्यायालय द्वारा इस मामले का निर्णय नहीं होता तब तक उन्हें पार्टी से निष्कासित कर दिया गया है। मामला बीते 24 अगस्त है। बीते शुक्रवार को जब पीड़िता के परिजनों द्वारा पटवारी चौकी देवायल में मुकदमा दर्ज कराया तो यह घटना आग की तरह पूरे इलाके में फैल गई। पीड़िता के परिजनों ने आरोप लगाया था कि उनकी बेटी घर के पास सड़क किनारे बकरी चुगा रही थी। इसी दौरान भाजपा के मंडल अध्यक्ष भगवत सिंह बोरा ने उससे छेड़छाड़ व अभद्रता की। रविवार को जनपद के एसएसपी सल्ट पहुंचे थे जहाँ आरोपी की गिरफ़्तारी को लोगों ने उनका घेराव किया था। वहीं छेड़छाड़ के आरोपी को पुलिस ने रविवार को न्यायालय में पेश किया।

### खेल मंत्री रेखा आर्या ने किया विक्टोरिया प्रीमियर लीग 2024 का उद्घाटन

अल्मोड़ा। खेल एवं युवा कल्याण मंत्री रेखा आर्या अल्मोड़ा के हेमवंती नंदन बहुगुणा स्पोर्ट्स स्टेडियम पहुंची जहाँ विक्टोरिया क्रिकेट क्लब के सदस्यों ने कैबिनेट मंत्री का पुष्पगुछ भेंट कर स्वागत किया। खेल मंत्री रेखा आर्य ने हेमवंती नंदन बहुगुणा के चित्र पर पुष्प अर्पित कर हेमवंती नंदन बहुगुणा को नमन किया। इस अवसर पर मंत्री आर्या ने विक्टोरिया प्रीमियर लीग की ट्रॉफी का अनावरण कर क्रिकेट टूर्नामेंट का उद्घाटन किया। खिलाड़ियों को संबोधित करते हुए खेल मंत्री ने खिलाड़ियों और आयोजकों को टूर्नामेंट की बधाई दी। मंत्री रेखा आर्या ने कहा उत्तराखंड सरकार और खेल विभाग प्रदेश के खिलाड़ियों का विकास और अच्छी खेल सुविधाएं देने के लिए लिए लगतार प्रयासरत है, जिसका परिणाम है उत्तराखंड उन गिने चुने राज्यों में शामिल हुआ है जहां प्रदेश के खिलाड़ियों को आउट ऑफ टर्न जाकर नौकरी देने का काम किया है। राज्य सेवाओं में प्रदेश के खिलाड़ियों को 4% आरक्षण देना और प्रदेश सरकार के द्वारा खेल विश्वविद्यालय को मंजूरी देने से उच्च शिक्षा के लिए प्रदेश के खिलाड़ियों को दूसरे प्रदेशों का रुख नहीं करना पड़ेगा। कैबिनेट मंत्री ने कहा खेल विश्वविद्यालय मिलने से प्रदेश के खिलाड़ियों को अंतरराष्ट्रीय स्तर की खेल सुविधाएं मिलेंगी और उत्तराखंड आने वाले समय में खिलाड़ियों का हब बनने जा रहा है। कार्यक्रम के दौरान खेल मंत्री ने खिलाड़ियों को हिमालय बचाने की शपथ दिलाई। काबीना मंत्री के साथ सैकड़ों खिलाड़ियों और लोगों ने हिमालय बचाने का संकल्प लिया। इस अवसर पर मनोज पवार आयोजक विक्टोरिया क्रिकेट क्लब, पूर्व जिलाध्यक्ष भाजपा रवि रौतेला, जिला पंचायत सदस्य महेश नयाल, विनीत बिष्ट, मनोज जोशी, कोच लियाकत अली खान, धर्मेंद्र बिष्ट, सौरभ वर्मा, आनंद भोज, भैरव गोस्वामी, अमरनाथ नेगी, राजेंद्र तिवारी, उप जिला क्रीड़ा अधिकारी अरुण बंग्याल आदि मौजूद रहे।

### राजधानी के मुद्दे का 24 साल में भी हल होने पर जताई चिंता

नई टिहरी। आंदोलनकारी मंच ने रविवार को खटीमा गोलीकांड में शहादत देने वाले आंदोलनकारियों को श्रद्धा सुमन अर्पित किए। कहा कि जिस राज्य की आंदोलनकारियों ने कल्पना की थी, वह अभी भी अधूरी है। मूल निवास, भू-कानून, जंगल, जंगल और जमीन पर स्थानीय लोगों का हक-हकूक, गैरसैंण स्थाई राजधानी समेत अन्य प्रमुख मुद्दों पर 24 साल में कोई निर्णय नहीं हो पाया।